मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशित: भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

# एक्सप्रेस न्यूज

भोपाल

गुरुवार 01 मई 2025

■ वर्षः 30 ■ अंकः 124

■ पेजः 8 ■ मूल्यः 1.50/- रुपए

## मंदिर की दीवार गिरी 8 लोगों की मौत

**विशाखापत्तनम, ईएमएस।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में मंगलवार रात श्री वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर की दीवार का 20 फीट लंबा हिस्सा गिर गया। वरिष्ठ अधिकारी विनय चान के मुताबिक, हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। मंदिर में चंदनोत्सव चल रहा था। यह हर साल मनाया जाता है।

### चुपके-चुपके

## पंडित जी पर भारी मंत्री जी का प्रिय एएसआई

प्रदेश के सबसे कमाऊ और घपले-घोटालों के लिए चर्चित विभाग में मंत्री जी के खासम-खास पंडित जी और उनके प्रिय एएसआई में रार शुरू हो गई। खबरची का कहना है कि विभाग में अभी तक पंडित जी का एक क्षत्र राज चल रहा है। ऐसे में एएसआई के बढ़ते रूतबे से पंडित जी परेशान हो उठे हैं। सूत्रों का कहना है कि पंडित जी और उक्त एएसआई में विगत दिनों झड़प भी हो गई। यह झड़प मंत्रीजी के बंगले पर हुई। दरअसल, एएसआई और पंडित जी में इस बात की ठनी है कि मंत्री का सबसे विश्वसनीय और करीबी मैं हूं। सूत्रों का कहना है कि उक्त एएसआई एसएफ से प्रतिनियुक्ति पर कमाऊ विभाग में आया है तथा विभागीय मंत्री का वरदहस्त होने के कारण वह पंडित जी पर भारी पड़ने लगा है।

-खबरची

### फटाफट खबरें

## दूध 2 रुपए महंगा नई कीमतें लागू

**नई दिल्ली, ईएमएस।** मदर डेयरी ,वेरका ब्रांड के साथ अमूल ने देशभर में दूध के दाम में 2 रुपए लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। नई कीमतें बुधवार से ही लागू हैं। इस बढ़ोतरी के बाद अब मदर डेयरी के फुल क्रीम दूध की कीमत 67 से बढ़कर 69 प्रति लीटर और टोंड मिल्क की 54 से बढ़कर 56 प्रति लीटर हो गई है। मदर डेयरी के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में लागत 4 से 5 रुपए प्रति लीटर बढ़ गई है। लागत में ये उछाल मुख्य रूप से गर्मियों की शुरुआत होने के अलावा लू की स्थिति के कारण भी आई है।

## सेंसेक्स गिरकर 80,242 पर बंद

**मुंबई, ईएमएस।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार में मामूली गिरावट रही। सेंसेक्स 46 अंक गिरकर 80,242 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 2 अंक की गिरावट रही, ये 24,334 बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में गिरावट रही। आज फाइनेंशियल और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट देखने को मिली। बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस के शेयर 5 से ज्यादा गिरे हैं। एशियाई बाजारों में जापान का 62 अंक ऊपर 35,902 पर कारोबार कर रहा है।

## बब्बर खालसा के 5 आतंकी गिरफ्तार

**अमृतसर, ईएमएस।** पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल मॉड्यूल के 5 गुर्गों को गिरफ्तार किया है। जिनसे पुलिस ने एक हैंड-ग्रेनेड और एक अवैध हथियार बरामद किया है। इस बारे में पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव द्वारा जानकारी साझा की गई है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि गिरफ्तार किए गए पांच आरोपी आईएसआई आतंकी नेटवर्क के लिए काम कर रहे थे। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने विदेशी आधारित गैंगस्टर जीवन फौजी के नेतृत्व वाले बीकेआई मॉड्यूल के 5 गुर्गों को गिरफ्तार किया।

### आज का कार्टून




### भारत और पाकिस्तान तनाव के बीच मोदी कैबिनेट का अहम फैसला...बिहार चुनाव से पहले खेला बड़ा दांव...

# आजादी के बाद पहली बार होगी जाति जनगणना...

**मूल जनगणना के साथ ही सितंबर से शुरुआत हो सकती है जाति जनगणना, आंकड़े एक साल बाद आएंगे**

● **नई दिल्ली, ईएमएस**

पहलगाम तनाव के बीच मोदी सरकार जातिगत जनगणना करवाने जा रही है, कैबिनेट ने यह बड़ा फैसला ले लिया है। यह जनगणना मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी। जनगणना इस साल सितंबर से शुरू की जा सकती है। इसे पूरा होने में एक साल लगेगा। ऐसे में जनगणना के अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में आएंगे। हालांकि जनगणना कब से शुरू होगी, इसके बारे में सरकार ने कुछ नहीं कहा है। कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्रिमंडल के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर पूर्ववर्ती सरकारों ने हमेशा से ही जातिगत जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद से ही जाति को जनगणना की किसी भी प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री ने लोकसभा में आश्वासन दिया कि जातिगत जनगणना को कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। कई मंत्री साथ बैठे और जातिगत जनगणना का प्रस्ताव रखा गया। इसके बावजूद भी कुछ नहीं किया गया। खानापूर्ति के लिए महज सर्वे कराकर मामले को छोड़ दिया गया।




### जातिगत जनगणना पर पार्टियों का स्टैंड

विपक्षी पार्टियां कांग्रेस समेत बीजद, सपा, आरएलडी, बीएसपी, एनसीपी शरद पवार देश में जातिगत जनगणना की मांग कर रही हैं। टीएमसी का रुख अभी साफ नहीं है। राहुल गांधी हाल ही में अमेरिका दौरे पर गए थे, वहां उन्होंने जातिगत जनगणना को सही बताया था। वहीं पहले भाजपा जाति जनगणना के पक्ष में नहीं थी। एनडीए ने कांग्रेस समेत दूसरी विपक्षी पार्टियों पर आरोप लगाए थे कि ये जातिगत जनगणना के जरिए देश को बांटने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि बिहार में भाजपा ने ही जातिगत जनगणना का सपोर्ट किया था। बिहार ने अक्टूबर 2023 में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी किए थे। ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बना था।

### फैसले का समर्थन, डेडलाइन तय होः राहुल



जाति जनगणना के ऐलान के बाद राहुल गांधी ने कहा कि आखिरकार सरकार ने जाति जनगणना की बात कह दी है। हम इसे सपोर्ट करते हैं, लेकिन सरकार को इसकी समय सीमा बतानी होगी। हमने तेलंगाना में कास्ट सेंसस कराया, इसे मॉडल बनाया जा सकता है। हमें कास्ट सेंसस से आगे जाना है। किस जाति की ऊंचे पदों में कितनी हिस्सेदारी है, ये पता करनी है। गौरतलब है कि लंबे समय से विपक्ष द्वारा मांग की जा रही थी कि देश में जातिगत जनगणना करवाई जाए, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो इसे चुनावी मुद्दा तक बनाया था। अब जब भारत और पाकिस्तान के बीच में जबरदस्त तनाव है, जब इस समय हर किसी की नजर सैन्य कार्रवाई पर है, उस बीच जातिगत जनगणना पर फैसला लेकर सरकार ने सभी को हैरान कर दिया है। अब इस एक फैसले के मायने बड़े हैं, इसे जानकार भी गेमचेंजर मानते हैं। जनगणना के आंकड़ें संवेदनशील माने जाते हैं और इनका व्यापक असर होता है। खाद्य सुरक्षा, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम और निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन जैसी कई योजनाएं इनपर निर्भर होती हैं। आंकड़ों का उपयोग सरकारों के साथ उद्योग जगत और शोध संस्थाएं भी करती हैं।

### भगवान पशुराम की जन्मस्थली से सीएम डॉ. मोहन यादव ने की घोषणा...

# जानापाव में विकसित होगा परशुराम धाम




**इंदौर, ईएमएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को अक्षय तृतीया पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विभिन्न जिलों में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलनों में शामिल हुए। इसके बाद वे महू के जानापाव पहुंचे। जानापाव में सीएम ने कहा कि परशुराम धाम को विकसित किया जाएगा। यहां के लोग जैसा चाहेंगे, वैसे से ही होगा विकास कार्य। उन्होंने आगे कहा कि परशुराम की जन्मस्थली के लिए जो कुछ भी संभव होगा, सरकार अवश्य करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जानापाव का धार्मिक कारणों से विशेष महत्व है। यह सात नदियों का उद्गम स्थल है। धनुष के माध्यम से शक्ति का परिचय भगवान परशुराम से जुड़ता है। हम सब जानते है कि सीता स्वयंवर के समय धुनष टूटने पर परशुराम ने क्रोध भी किया, लक्ष्मण को सावधान भी किया, लेकिन भगवान राम पर प्रेम भी लुटाया। उन्होंने अन्याय और अर्धम के खिलाफ हमेशा लड़ाई की। मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृति की धरा को हमने सरकार के साथ जोड़ा है। हमने कहा है कि सरकार चलेगी तो धर्म के मार्ग पर चलेगी। कुछ लोग कहते है कि मुख्यमंत्री धर्म की बात करते है। यदि हमने धर्म की चिंता नहीं कि तो संस्कृति कैसे पल्लवित होगी। हमारी संस्कृति सब के सुख की कामना करती है। जानापाव की पहाड़ी पर प्रकृति मेहरबान है। यहां से देश की बड़ नदियों में से एक चंबल के अलावा छह और नदियां निकलती है। जानापाव को हम और बेहतर विकसित करेंगे,ताकि दुनिया में इसका महत्व बढ़ सके।

### पूरे राज्य में स्थापित किए जाएंगे गीताभवन

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि पूरे राज्य में गीताभवन स्थापित किए जाएंगे। साथ ही, उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य का कोई भी गांव प्यासा नहीं रहेगा, हर गांव तक पानी पहुंचाया जाएगा। सीएम ने चंबल नदी का जिक्र करते हुए कहा, चंबल यहां से निकलती है तो महात्मा जैसी लगती है, लेकिन आगे बढ़ते ही इसकी प्रवृत्ति ठांय-ठांय जैसी हो जाती है।

## पीएम मोदी ने रद्द किया रूस का दौरा

**नई दिल्ली, ईएमएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस का आगामी दौरा रद्द कर दिया है। वह अब 9 मई को मॉस्को में होने वाली विक्ट्री परेड में शामिल नहीं होंगे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने यह जानकारी दी।

**9 मई को मॉस्को में विजय दिवस में नहीं होंगे शामिल**

हालांकि, रूस ने पीएम मोदी के मॉस्को दौरे के रद्द होने का कारण नहीं बताया गया है। कहा जा रहा है कि पहलगाम पर आतंकी हमले के बाद मौजूदा सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। हालांकि, भारत की ओर से अभी इस पर किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं आई है।

इस महीने की शुरुआत में विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नौ मई को रूस में होने वाली विक्ट्री डे परेड में शामिल होने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को आमंत्रित किया गया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित कई अंतरराष्ट्रीय नेता इस मौके पर रूस जाने वाले हैं। बता दें कि द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी पर रूस की जीत की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर नौ मई को होने वाली विजय दिवस परेड में शामिल होने के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित किया गया था।

# पाकिस्तान ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर चौकियां खाली कीं



पाकिस्तानी झंडे हटाए, केंद्र ने पूर्व रॉ चीफ को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का चेयरमैन बनाया

**नई दिल्ली, ईएमएस।** पहलगाम हमले के 8 दिन बाद बुधवार को पाकिस्तानी सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर कई पोस्ट खाली कर दी हैं। पाकिस्तानी सेना ने इन पोस्ट से झंडे भी हटा लिए हैं। कठुआ के पर्गवाल इलाके में ये पोस्ट खाली की गई हैं। पाकिस्तानी सेना एलओसी पर लगातार सीजफायर वॉयलेशन कर रही है। पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को पहली बार इंटरनेशनल बॉर्डर पर भी सीजफायर तोड़ा। जिसका भारतीय सेना ने तुरंत जवाब दिया। इस बीच, केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन किया है। पूर्व रॉ चीफ आलोक जोशी को इसका चेयरमैन बनाया गया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पहलगाम हमले को 26/11 के बाद का सबसे बड़ा आतंकी हमला बताया। भारत की डिप्टी परमानेंट रिप्रेजेंटेटिव योजना पटेल ने कहा, पहलगाम का आतंकी हमला नागरिकों पर सबसे बड़ा हमला है। भारत दशकों से सीमा पार आतंकवाद का शिकार रहा है और हमें इसके पीड़ितों की पीड़ा का गहरा एहसास है। भारतीय राजनयिकों ने पाकिस्तान छोड़ दिया है। अटारी-वाघा बॉर्डर से बुधवार को 22 दूतावास कर्मचारी भारत लौट आए हैं। केंद्र सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन किया। पूर्व रॉ चीफ आलोक जोशी को इसका चेयरमैन बनाया गया। पूर्व वेस्टर्न एयर कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा , दक्षिणी आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मोंटी खन्ना इस समिति के सदस्य हैं।

### पंजाब सरकार पाक बॉर्डर पर एंटी ड्रोन सिस्टम लगाएगी

पंजाब सरकार ने बुधवार को कहा कि पाकिस्तान से जुड़े बॉर्डर पर एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किया जाएगा। राज्य सरकार ने पहलगाम हमले के बाद यह फैसला लिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि इस सिस्टम से ड्रग्स और हथियारों की सप्लाई रोकी जा सकेगी। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां किसी भी तरह की घुसपैठ पर नजर रख सकेंगी और उसको नाकाम कर सकेंगी।

## राहुल पहलगाम में मारे गए शुभम के परिवार से मिले, पत्नी रोने लगी तो गले लगाया कहा...

# मैंने भी पिता और दादी को खोने का दर्द झेला है...



**अमेठी, ईएमएस।** राहुल गांधी यूपी दौरे के दूसरे दिन बुधवार को पहलगाम हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। शुभम की पत्नी ऐशन्या राहुल को देखकर रोने लगीं। इस पर राहुल ने उन्हें गले लगा लिया और सांत्वना दी। ऐशन्या ने राहुल को पहलगाम में हुई घटना के बारे में सब कुछ बताया। उन्होंने बताया कि कैसे मेरे पति को आतंकियों ने गोली मार दी।

ऐशन्या ने बताया कि हर जगह सुरक्षा की व्यवस्था थी, लेकिन पहलगाम में कोई सिक्योरिटी नहीं थी। वहीं, शुभम के पिता संजय द्विवेदी ने कहा- बेटे का आधा सिर इसके (ऐशन्या) ऊपर गिरा था। आप कुछ करिए। आप इस देश के बड़े नेता हैं। राहुल ने कहा कि मैंने दो बार ऐसा दर्द झेला है। मेरी दादी भी आतंकवाद की भेंट चढ़ीं और मेरे पिता भी चले गए। शुभम को शहीद का दर्जा मिले, इसके लिए मैं प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखूंगा। ऐसे लोगों को सम्मानित करने के लिए मैंने प्रधानमंत्री से सर्वदलीय बैठक की मांग की थी। राहुल ने शुभम के परिवार वालों से अपने मोबाइल से प्रियंका गांधी से भी बात करवाई। राहुल ने कहा- आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे, वे चाहे जहां छुपे हों। इससे पहले सुबह राहुल लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार अमेठी पहुंचे, यहां करीब 2 घंटे तक रुके और स्टूडेंट्स से बातचीत की। संजय गांधी अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया।

## गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुले

**चारधाम यात्रा शुरू**

**देहरादून, ईएमएस।** गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट बुधवार को अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इसके साथ ही करीब 6 महीने तक चलने वाली चार धामयात्रा की विधिवत शुरुआत हो गई।

गंगोत्री में 1 हजार से ज्यादा और यमुनोत्री में 3 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहले दिन दर्शन के लिए पहुंचे। सबसे पहले सुबह मां गंगा की डोली मुखबा से गंगोत्री धाम पहुंची। राजपूताना राइफल्स के बैंड की धुनों के बीच गंगा की पूजा-अर्चना की गई। हेलिकॉप्टर से मंदिर पर फूल बरसाए गए। गंगोत्री के बाद यमुनोत्री धाम के कपाट सुबह 11:55 बजे खोले गए। इससे पहले यमुना की उत्सव डोली यमुनोत्री धाम पहुंची। पूजा-अर्चना के बाद यमुनोत्री के कपाट खोले गए।

## बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय दास को जमानत मिली

**5 महीनों से जेल में बंद थे, रिहाई अभी तय नहीं**



**ढाका, ईएमएस।** बांग्लादेश के हाईकोर्ट ने जेल में बंद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को जमानत दे दी है। चिन्मय दास पिछले 5 महीनों से देशद्रोह के आरोप में जेल में बंद थे। चिन्मय के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने 23 अप्रैल को हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी।

चिन्मय दास के वकील ने बताया है कि अभी चिन्मय की रिहाई तय नहीं हुई है। अगर बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट इस फैसले पर रोक नहीं लगाता है तो चिन्मय दास को रिहा कर दिया जाएगा। चिन्मय दास पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप है। इस मामले में राजद्रोह का केस दर्ज कर उन्हें 25 नवंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था।

## क्लासरूम-घोटाले में सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज

**12,748 क्लास/बिल्डिंग के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपए का घोटाला करने का आरोप**



**नई दिल्ली, ईएमएस।** दिल्ली में आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ करप्शन का मामला दर्ज किया गया है। करप्शन का यह मामला क्लासरूम और स्कूल बिल्डिंग के निर्माण से जुड़ा है। एंटी करप्शन ब्रांच की जांच में पता चला है कि आप के कार्यकाल के दौरान 12,748 क्लास/बिल्डिंग के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपए का भारी घोटाला हुआ था। क्लासरूम/बिल्डिंग के निर्माण की लागत बढ़ाकर दर्शाई गई थी। इसके अलावा निर्धारित अवधि के भीतर एक भी काम पूरा नहीं हुआ था। निर्माण कार्य के लिए कंसलटेंट और आर्किटेक्ट की नियुक्ति भी मनमाने ढंग से की गई थी। इन्हीं के जरिए निर्माण की लागत बढ़ाई गई। एंटी करप्शन ब्रांच ने इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 17-ए के तहत अनुमति मिलने के बाद एफआईआर दर्ज की है।

# भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और डिंडोरी कलेक्टर जाएंगे ट्रेनिंग पर...

**मिड करियर ट्रेनिंग के लिए 53 आईएएस चिन्हित, चंद्रमौली ईलैया और राज्यपाल के सचिव भी लिस्ट में**

**भोपाल, ईएमएस।** एमपी कैडर के 53 आईएएस अधिकारियों को जून से शुरू होने वाली मिड करियर ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी ने ऐसे अफसरों की सूची जारी कर 16 मई तक इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए हैं। इस सूची में मोहन सरकार के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत चार जिलों के कलेक्टर और सीएम सचिवालय में पदस्थ दोनों सचिव भी शामिल हैं। सूची में शामिल अफसरों को लेकर कहा गया है कि ये अधिकारी किसी न किसी कारण या बहाना बनाकर ट्रेनिंग से बच रहे हैं। जबकि वर्किंग एफिशिएंसी में सुधार के लिए यह ट्रेनिंग जरूरी है। यह सभी 53 अफसर सचिव व अपर सचिव कैडर के अधिकारी हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमसीटीपी) 2007 में शुरू हुआ है।

### देश भर से 779 अफसर जाएंगे

इस ट्रेनिंग के लिए बुलाए गए देश भर के कुल 779 अफसरों को 16 मई तक रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कहा गया है। अफसरों को ट्रेनिंग में शामिल होने की सहमति 26 मई तक देने के लिए कहा गया है। इस ट्रेनिंग में 2011 बैच के अफसरों को पहला अवसर, 2010 बैच के अफसरों को दूसरा मौका और 2009 बैच के अफसरों को तीसरा प्रशिक्षण मौका दिया जा रहा है। जो अफसर 31 दिसम्बर 2028 के पहले रिटायर हो रहे हैं, उन्हें इस प्रशिक्षण के लिए पात्र नहीं माना गया है।

## दिल्ली में लगेगी बोडो नेता उपेंद्रनाथ ब्रह्मा की प्रतिमा

**नई दिल्ली, ईएमएस।** गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को नई दिल्ली के कैलाश कॉलोनी में बोडो नेता उपेंद्र नाथ ब्रह्मा के सम्मान में सड़क और प्रतिमा का इनॉगरेशन करेंगे। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दक्षिण दिल्ली में लाला लाजपत राय मार्ग के एक हिस्से का नाम बदलकर बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा मार्ग करने का निर्णय लिया है। फॉदर ऑफ बोडो पीपुल्स के रूप में जाने जाने वाले बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा एक महान नेता और समाज सुधारक थे, जिन्होंने बोडो समुदाय के अधिकारों, पहचान और उत्थान के लिए कई प्रयास किए।

## भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा की हार्ट अटैक से मौत...

**सीहोर में तबीयत बिगड़ी, घर पहुंचने पर बेहोश हुए**



**इंदौर, ईएमएस।** भाजपा के प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बुधवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इससे पहले सलूजा कांग्रेस में रहते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ के मीडिया को-ऑर्डिनेटर रह चुके थे।

जानकारी के मुताबिक वे मंगलवार रात को सीहोर के एक रिसोर्ट में शादी समारोह में शामिल हुए थे। बुधवार सुबह उनकी तबीयत खराब हो गई। सीहोर से लौटते समय भी उन्हें दिक्कत हो रही थी। दोस्तों ने उन्हें हॉस्पिटल में दिखाने के लिए कहा तो उन्होंने कहा, कुछ नहीं बस एसिडिटी है। वे दोपहर घर पहुंचे और बेहोश हो गए। इसके बाद परिजन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 25 नवंबर 2022 को तत्कालीन सीएम कमलनाथ के खास और उनके मीडिया सलाहकार रहे नरेंद्र सलूजा पूर्व ष्टस्र्शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए थे।

### छत्तीसगढ़-तेलंगाना राज्य की सरहद पर स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ी के एक हिस्से पर फोर्स का कब्जा

# 5000 फीट ऊंचाई पर नक्सलियों को खदेड़कर फहराया तिरंगा

● **जगदलपुर, ईएमएस**

छत्तीसगढ़-तेलंगाना राज्य की सरहद पर स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ी के एक हिस्से को जवानों ने फतह कर लिया है। 9 दिनों में करीब 5 हजार फीट की चढ़ाई कर जवान ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। यहां से नक्सलियों को खदेड़कर तिरंगा फहराया दिया है। वहीं प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों को सरेंडर करने कहा है, शांति वार्ता की पेशकश ठुकरा दी है।

बता दें कि दोनों राज्यों की सरहद पर 22 अप्रैल से नक्सलियों के खिलाफ देश का सबसे बड़ा ऑपरेशन चल रहा है। 280 किमी के दायरे में कर्रेगुट्टा, दुर्गमगुट्टा, पुजारी कांकेर की पहाड़ियां और यह पूरा इलाका फैला हुआ है। जो नक्सली लीडर हिड़मा, देवा, दामोदर, विकास, सुजाता, आजाद जैसे बड़े हार्डकोर नक्सलियों का ठिकाना है।

### फोर्स को चकमा दे रहे नक्सली

ये पैच इतना बड़ा है कि यहां नक्सलियों तक पहुंचना, उन्हें ढूंढना भी आसान नहीं है। जैसे-जैसे फोर्स आगे बढ़ रही है। नक्सली उन्हें चकमा देकर दूसरी तरफ निकल रहे हैं। वहीं 45 डिग्री टेम्प्रेचर के बीच करीब 9 दिनों की खड़ी चढ़ाई चढ़ जवान पहाड़ के एक हिस्से में पहुंचे और तिरंगा फहराया।



### ऑटोमेटिक वेपंस से लैस हैं नक्सली

यहां एलएमजी,एके-47, इंसास, एसएलआर जैसे आधुनिक हथियारों से लैस करीब 1500 से 2000 नक्सलियों की मौजूदगी है। जिन्हें ढूंढने, एनकाउंटर करने छत्तीसगढ़ से डीआरजी, सीआरपीएफ, एसटीएफ, कोबरा, बस्तर फाइटर्स के 10 हजार से ज्यादा जवान ऑपरेशन पर निकले हैं। हालांकि, तेलंगाना बैकफुट पर है। यहां स्थित सीआरपीएफ की बटालियन केंद्र के निर्देश पर ऑपरेशन में शामिल है।

### यहीं से ऑपरेट होता है माओवाद संगठन

नक्सली लोकतंत्र के विरोधी हैं। तिरंगे की जगह वे काला झंडा फहराते हैं। कर्रेगुट्टा का इलाका नक्सलियों का अभेद किला माना जाता है। या यूं कहें कि ये नक्सलियों की अघोषित राजधानी है। यहीं पर नक्सलियों के पोलित ब्यूरो, सेंट्रल कमेटी, डीकेएसजेडसीएम, तेलंगाना स्टेट कमेटी के बड़े लीडर्स मौजूद हैं। यह कहना कहीं गलत नहीं होगा कि यहीं से पूरा माओवाद संगठन ऑपरेट होता है। कर्रेगुट्टा पहाड़ के चारों तरफ नक्सलियों ने सैकड़ों आईईडी प्लांट कर रखी है।

### न्यूजीलैंड में 6.2 तीव्रता का भूकंप, कोई नुकसान नहीं

**इन्वरकार्गिल, ईएमएस।** न्यूजीलैंड के पश्चिमी तट पर मंगलवार देर रात 6.2 तीव्रता का भूकंप आया, हालांकि इसमें किसी भी तरह की जान माल के नुकसान की जानकारी नहीं है और न ही सुनामी की कोई चेतावनी जारी की गई है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण का कहना है कि भूकंप स्थानीय समयानुसार रात एक बजे के बाद आया।

### 'रैगिंग' पर मेडिकल कॉलेज के तीन छात्र निलंबित

**पुणे, ईएमएस।** पुणे के बी जे मेडिकल कॉलेज के परास्नातक के तीन छात्रों को जूनियर डॉक्टरों के साथ 'रैगिंग' करने के आरोप में निलंबित कर दिया है और उन्हें छात्रावास से भी बाहर निकाल दिया है। ससून जनरल अस्पताल से संबद्ध मेडिकल कॉलेज के डीन ने बताया कि कॉलेज ने अस्थि रोग विभाग में परास्नातक के दूसरे ईयर के तीन छात्रों के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई।

## फटाफट खबरें

### ट्रंप के निशाने पर जेफ बेजोस

**वॉशिंगटन, ईएमएस।** अमेजन ने घोषणा की थी कि वह अपने उत्पादों की कीमतों में ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ की लागत को भी जोड़ेगा। वाइट हाउस ने अमेजन के इस कदम को अमेरिका के खिलाफ 'शत्रुतापूर्ण और राजनीतिक कार्य' बताया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप को अमेज़न के इस कदम के बारे में बताया। ट्रंप का कहना है कि अमेज़न का यह कदम 'शत्रुतापूर्ण और राजनीतिक' है। इस तरह अमेजॉन के मालिक जेफ बेजोस ट्रंप के निशाने पर आ गए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेजन के मालिक जेफ बेजोस के बीच तकरार बढ़ गई है।

### तैयारी देख घबराया पाकिस्तान

**नई दिल्ली, ईएमएस।** पहलगाम में 28 लोगों के बाद भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने की तैयारी कर ली है। भारत की तैयारियों को देखकर पाकिस्तान डरा हुआ है। इसको देखते हुए पाकिस्तान के सूचना मंत्री आताउल्लाह तरार ने एक वीडियो में कहा कि भारत अगले 24 से 36 घंटे में पाकिस्तान पर हमला कर सकता है। उनके इस वीडियो का मकसद वैश्विक समुदाय को यह बताना है कि समय रहते भारत को रोका जाए। इसके बाद ट्रंप प्रशासन एक्टिव हो गया उसने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के नेतृत्व से लगातार संपर्क बनाए हुए है।

### पाकिस्तान में गूंजा खालिस्तानी एजेंडा

**इस्लामाबाद, ईएमएस।** पाकिस्तानी संसद के उच्च सदन सीनेट में खालिस्तानी एजेंडा गूंजा। पाकिस्तान में सिखों की आबादी कम है और समुदाय से एकमात्र शख्स गुरदीप सिंह सांसद हैं और खैबर पख्तूनख्वा से उन्हें सीनेट का मेंबर बनाया है। इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के मेंबर गुरदीप सिंह ने पहलगाम पर चल रही डिबेट में हिस्सा लेते समय खालिस्तानी सुर में बात करने लगे। गुरदीप ने कहा कि सिख समुदाय के लोग तो पाकिस्तान का साथ देने का ऐलान कर चुके हैं। दरअसल अलगाववादी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस के कमांडर गुरपतवंत सिंह पन्नू ने पाकिस्तान के समर्थन का ऐलान किया था।

### भीषण आग: लोग 5वीं मंजिल से कूदे

**अहमदाबाद, ईएमएस।** यहां की अत्रेय ऑर्चिड सोसाइटी से आग लगने की खबर सामने आई है। भीषण आग लगने के चलते सोसाइटी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग से बचने के लिए लोगों ने 5वीं मंजिल से छलांग लगा दी। एक लड़की का अपार्टमेंट से कूदने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोसाइटी में फंसे लोगों ने जान बचाने के लिए बिल्डिंग से कूदना शुरू कर दिया। बिल्डिंग से कूदने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें एक लड़की फ्लैट के ऊपरी हिस्से से कूदती दिखाई देती है। नीचे चारो तरफ भीड़ जमा होती है, जो लड़की को जमीन पर गिरने से पहले ही कैच कर लेती है।

### पीएम मोदी की सेना को खुली छूट से पाकिस्तानी हुक्मरान की उड़ी नींद तो मीडिया बोला...

# कभी भी हो सकता है पाक पर हमला...

## भारत ने बताया पहलगाम हमले के पीछे पाकिस्तान समर्थित आतंकियों का हाथ, चला बैठकों का दौर और लिए गए अनेक अहम फैसले

**नई दिल्ली, ईमएस**

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। इस हमले में 28 लोग मारे गए थे। इस घटना के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई का संकल्प लिया है जिससे पाकिस्तान डरा हुआ है कि भारत उस पर कभी भी अटैक कर सकता है। दरअसल पीएम मोदी ने भारतीय सेना को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी है। इस फैसले ने पाकिस्तानी मीडिया और हुक्मरानों की नींद उड़ा दी है और वहां इस मुद्दे पर जमकर चर्चा शुरु हो गई है। कई पाकिस्तानी अखबारों ने लिखा कि भारत अब कभी भी पाकिस्तान पर हमला कर सकता है क्योंकि उसकी सेना को हरी झंडी मिल गई है।

पहलगाम के बैसारन घाटी में हुए आतंकी हमले को 2019 के पुलवामा हमले के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है। आतंकियों ने निर्दोष लोगों को निशाना बनाया, जिसमें 28 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमले के बाद आतंकी जंगल में भाग गए और सुरक्षाबलों ने उनकी तलाश में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। भारत सरकार ने इस हमले के पीछे पाकिस्तान समर्थित आतंकियों का हाथ होने का दावा किया है। मंगलवार को पीएम मोदी ने अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, और तीनों सेनाओं के प्रमुख मौजूद थे। करीब ढाई घंटे तक चली इस बैठक में आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर बात हुई। सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी ने बैठक में साफ कहा कि मुझे अपनी सेना पर पूरा भरोसा है। आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा संकल्प है। सेना को कार्रवाई का समय, तरीका, और टारगेट तय करने की पूरी आजादी है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पीएम ने सेना को किसी भी तरह की जवाबी कार्रवाई के लिए हरी झंडी दे दी है, जिसमें सैन्य ऑपरेशन से लेकर लक्षित कार्रवाइयां शामिल हैं। पाकिस्तानी मीडिया में भारत के इस कदम को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है। कई पाकिस्तानी टीवी चैनल और अखबार दावा कर रहे हैं कि भारत का हमला होना तय है। भारत की पिछली कार्रवाइयों जैसे 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक, का हवाला देते हुए पाकिस्तानी मीडिया में डर का माहौल है।



### पाक नहीं करेगा हमला : डार

भारत से हमले की आशंका के बीच पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा है कि पाकिस्तान कभी भी पहले हमला शुरू नहीं करेगा। पाकिस्तानी संसद में दिए अपने बयान में विदेश मंत्री डार ने कहा कि इस्लामाबाद कूटनीतिक प्रयासों के तहत मामला सुलझाने में विश्वास रखता है। इस बीच उन्होंने धमकी भी दी और कहा कि अगर पाकिस्तान की संप्रभुता पर हमला हुआ तो वह पूरी ताकत के साथ जवाब देगा।

### चंद घंटों में सैन्य कार्रवाई का दावा

पाकिस्तान ने विश्वसनीय खुफिया जानकारी का हवाला देते हुए दावा किया कि भारत अगले 24 से 36 घंटों में उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई की योजना बना रहा है। पाकिस्तान ने साथ ही भारत को चेतावनी दी कि उसे भी इसके परिणाम भुगतने होंगे। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने कहा कि भारत सरकार पहलगाम में हाल में हुए आतंकवादी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के बारे में निराधार और मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर हमला करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार है और उसने हमेशा आतंकवाद के सभी स्वरूपों की निंदा की है।

### एलओसी पर तैनाती बढ़ाई

पाकिस्तानी सेना ने एलओसी पर अपनी तैनाती बढ़ा दी है और हाई अलर्ट जारी किया है। खबरों के मुताबिक पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनिर समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने परिवारों को युद्ध की आशंका के चलते दूसरे देशों में भेज दिया है। पाकिस्तानी सेना में भी अंदरूनी कलह की खबरें हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि करीब 500 सैनिकों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है और एक वरिष्ठ अधिकारी ने सेना प्रमुख असीम मुनिर से इस्तीफे की मांग की है।

## पाकिस्तान ने सीमा पर झोंकी पूरी ताकत, करांची खोने का लग रहा डर

पाकिस्तान ने अपनी वायु रक्षा प्रणालियों और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरणों को सीमा के पास और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अग्रिम स्थानों पर तैनात किया है। इसके साथ ही, पाकिस्तान ने अपनी सैन्य तत्परता को परखने के लिए व्यापक हवाई अभ्यास शुरू किए हैं। पाकिस्तान के कई सीमावर्ती क्षेत्रों में एयर डिफेंस सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर यूनिट्स और भारी सैन्य टुकड़ियों की तैनाती की गई है। खासतौर पर सियालकोट और लाहौर सेक्टरों में एयर रेडार सिस्टम लगाए गए हैं ताकि भारतीय वायुसेना की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच, पाकिस्तान ने अपनी सैन्य तैयारियों को तेज करते हुए पाकिस्तान ने दावा किया है कि भारत की ओर से किसी भी समय हमला हो सकता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि भारत की संभावित कार्रवाई को देखते हुए पाकिस्तानी सेनाएं पूरी तरह तैयार हैं और अग्रिम मोर्चों पर तैनाती बढ़ा दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, फिरोजपुर सेक्टर के सामने वाले इलाकों में पाकिस्तानी इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम सक्रिय कर दिए गए हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बाघ, रावलकोट और तोली पीर में पाकिस्तान की 6वीं आर्मर्ड डिवीजन और 7वीं इन्फैंट्री डिवीजन की गतिविधियां देखी गई हैं। ये दोनों डिवीजन आमतौर पर पंजाब और गुजरांवाला में तैनात रहती हैं, इसलिए उनकी यहां मौजूदगी असामान्य मानी जा रही है। इन इलाकों में चीनी मूल के ए-100 मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर भी तैनात किए गए हैं, जिनकी मारक क्षमता 100 किलोमीटर से अधिक बताई जा रही है।

### पाकिस्तान के हवाई अभ्यास शुरू

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी वायु सेना ने फिजा-ए-बद्र और ललकार-ए-मोमिन जैसे बड़े पैमाने पर हवाई अभ्यास शुरू किए हैं, जिनमें जे-10सी, जेएफ-17 ब्लॉक 3 और एफ-16 जैसे लड़ाकू विमानों को शामिल किया गया है। विशेष रूप से, कराची की रक्षा के लिए पाकिस्तान ने अपनी सबसे एडवांस एचक्यू-9/पी वायु रक्षा प्रणालियों को तैनात किया है, जो हवाई और समुद्री खतरों से निपटने में सक्षम बताई जा रही हैं। इसके अलावा, सियालकोट सेक्टर में रडार प्रणालियों को मजबूत किया गया है और बख्तरबंद व पैदल सेना डिवीजनों को भी तैनात किया गया है।

## चारधाम यात्रा शुरू, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के खुले कपाट

### यात्रा मार्ग के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती



**नई दिल्ली, ईएमएस।** देश भर में 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया का त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया के शुभ मौके पर चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। अब आगामी छह माह तक चार धाम के दर्शन आम जनता के लिए खुले रहने वाले है। इस दौरान श्रद्धालु यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन कर सकते है।

बता दें कि चारधाम की यात्रा दुनिया की पवित्र यात्राओं में शुमार है। चार धाम यात्रा के सभी पवित्र स्थलों में सबसे शीर्ष पर है। ये यात्रा अलग अलग देवी देवताओं को समर्पित है। केदारनाथ धाम कुल 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। केदारनाथ धाम भगवान शिव को समर्पित है। बद्रीनाथ धाम में भगवान विष्णु का वास है। गंगोत्री धाम मां गंगा और यमुनोत्री धाम यमुना मैया को समर्पित है।

### केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई तो बद्रीनाथ धाम के 4 मई को खुलेंगे

अक्षय तृतीया के साथ ही चारधाम की पवित्र यात्रा की शुरुआत होती है। गंगोत्री धाम के कपाट सुबह 10.30 खुले है। वहीं यमुनोत्री धाम के कपाट 11.50 मिनट पर खुले है। वहीं केदारनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कपाट दो मई सुबह सात बजे और बद्रीनाथ धाम के कपाट चार मई को खुलने है। चारधाम यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। चारधाम यात्रा मार्ग के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती हुई है। हाल ही में हुए पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था अधिक कड़ी और सख्त है। चारधाम की यात्रा के रुट पर 2 सुपर जोन, 7 जोन और 26 सेक्टर बांटे गए है। कुल 850 कर्मी पीएसी, एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड टीम के भी तैनात हुए है।

चार धाम यात्रा को लेकर भीड़ प्रबंधन के साथ ही उत्तराखंड सरकार की ओर से ट्रैफिक कंट्रोल का भी फूलप्रूफ प्लान तैयार है। भीड़ बढ़ने पर देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, विकास नगर, हरबर्टपुर जैसे बड़े शहरों को ट्रैफिक के जाम से बचाने के लिए वैकल्पिक ट्रैफिक प्लान तैयार हुआ है। डीजीपी ने बताया की पहलगाम की आतंकी घटना के बाद चारधाम की यात्रा व्यवस्था को और पुख्ता किया गया है। इस बार 10 कंपनी अर्धसैनिक बलों की भी तैनात की गई है। सीसीटीवी कैमरा जगह-जगह पर लगाए गए हैं। 10 हजार से ज्यादा फोर्स चार धाम यात्रा को हरिद्वार से लेकर गंगोत्री यमुनोत्री बद्रीनाथ और केदारनाथ तक नियत्रिंत करेगी। क्राउड कंट्रोल और ट्रैफिक मैनेजमेंट पर खास प्लान तैयार हैं।

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन को लेकर बेहद ठोस और व्यवस्थित कार्य योजना तैयार की गई है। बीते वर्षों में यात्रा मार्गों पर अत्यधिक भीड़ और अव्यवस्था के कारण मिले अनुभवों से सबक लेकर धामी सरकार कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती। धामों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए एडवांस प्लानिंग के तहत हॉल्टिंग प्वाइंट्स, पार्किंग स्थल और यात्रा मार्गों पर सघन जांच व्यवस्था लागू की जा रही है।

## टीआरएफ रच रहा है एक और हमले की साजिश, चप्पे चप्पे पर तैनात है जवान

**जम्मू, ईएमएस।** पहलगाम हमले के बाद भारत के गुस्से को देखते हुए पाकिस्तान में खलबली मची हुई है। इसी बीच खबरें आ रहीं हैं कि पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाला टीआरएफ एक और हमले की साजिश रच रहा है। पाकिस?तानी मंत्री खुलेआम यह कहते हुए पाए जा रहे हैं कि भारत हमला कर सकता है। शाहबाज शरीफ की सरकार अमेरिका और चीन जैसे देशों से हस?तक्षेप करने और तनाव को करने में मदद की अपील भी कर रहा है। दूसरी तरफ, भारत ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षाबलों को खुली छूट दे दी है। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत सरकार को समर्थन देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान दुश्मनी चाहता है तो हम तैयार हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा, हम लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरा समर्थन देने की बात कही है, इसके बाद हमारे साथ कोई सवाल नहीं होना चाहिए। पीएम मोदी जो करना चाहें, वो करें। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की तरफ से न्यूक्लियर हमले की धमकी देने के सवाल पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा, हमारे पास भी न्यूक्लियर पावर है।

## कोलकाता के होटल में आग 14 की मौत, पीएम मोदी ने जताया दुख



**नई दिल्ली, ईएमएस।** कोलकाता के बड़ा बाजार स्थित एक होटल में आग की चपेट में आने से 14 लोगों की मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जाहिर किया। साथ ही उन्होंने मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे का भी ऐलान कर दिया।

पीएमओ ने पोस्ट में बताया, ÷कोलकाता में आग लगने की दुर्घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। इसके अलावा, घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।÷

पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा, मछुआ बाजार के एक होटल में लगी आग में 14-15 लोगों की मौत हो गई, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह महज एक घटना नहीं है बल्कि यह हत्या है, क्योंकि ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। कोलकाता में स्थिति बेहद खराब है।

## अक्षय तृतीया पर पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली, ईएमएस।** आज पूरे देश में अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जा रहा है। सामुहिक विवाह हो रहे हैं और अपनी परंपरानुसार कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और गृह मंत्री अमित शाह ने दी अक्षय तृतीया की बधाई दी है। पीएम मोदी ने सफलता और संपन्नता की कामना करते हुए एक्स पर लिखा, आप सभी को अक्षय तृतीया की अनंत शुभकामनाएं। मानवता को समर्पित यह पावन पर्व हर किसी के लिए सफलता, संपन्नता और प्रसन्नता लेकर आए, जो विकसित भारत के संकल्प को नई शक्ति प्रदान करे। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अक्षय तृतीया की बधाई दी।

## हमने वोट भी डाला, सारे डॉक्युमेंट भी यहां के हैं, अब हम यहां से कहां जाएं

### हर दिन अटारी-वाघा बार्डर से सामने आ रही हैं भावनात्मक कहानियां

**अटारी, ईएमएस।** पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के देश छोड़ने का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद से हर दिन अटारी-वाघा बार्डर से कई भावनात्मक कहानियां सामने आ रही हैं। बॉर्डर के दोनों तरह बड़ी संख्या में लोगों ने शादियां की हैं, ऐसे लोग चाहते हैं कि सरकार उनके साथ रियायत बरते। ऐसा ही एक एक मामला जम्मू-कश्मीर से सामने आया है। 17 सालों से भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिक ओसामा ने भारत सरकार से अपील की है कि वह उनके जैसे लोगों को कुछ समय दे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अटारी सीमा पर बातचीत में ओसामा ने बताया कि वह उरी से आया है और रावलपिंडी, इस्लामाबाद का रहने वाला है। ओसामा ने कहा कि इस समय वह कुछ भी सोच नहीं पा रहा है। वह वर्तमान में बैचलर डिग्री कर रहा है। उसका यह फाइनल सेमेस्टर है। जून में उसकी परीक्षा होनी है। मेरे कुछ और प्लान थे, वह परीक्षा खत्म करके जॉब के लिए तैयारी कर रहा थाज अचानक से यह सब हो गया, यह बहुत प्रभावित करता है। उसका थॉट प्रॉसेस पूरी तरह से डिस्टर्ब हो गया है। उसे नहीं पता कि वहां पर क्या हुआ। ओसामा ने कहा कि हमें पुलिस स्टेशन उरी से फोन आया था, उन्होंने हमें बुलाया तो हम आ गए। हम वहां से पाकिस्तानी पासपोर्ट पर लीगल तरीके से यहां आए थे। हम यहां 17 सालों से रह रहे थे, 2008 में आए थे। हमने यहां आते ही 15 दिन में वीजा स्टे करवाया था। उस समय स्टेट हुड भी था। अचानक से यह सब चीज होना, समझ नहीं आ रहा कैसे रिएक्ट करेंगे। ओसाना ने सरकार से अपील की कि मोदी सरकार से वह यही अपील करूंगा कि प्रैक्टिली सोचा जाए, आप कुछ टाइम की मोहलत दे दें, कुछ हल निकालें, जो परिवार यहां 20-30 सालों से रह रहे हैं।

## वीजा वाले भेजे गए पाक, पर सीमा हैदर बच गई

**नोएडा, ईएमएस।** यूपी समेत देशभर से अब तक सैकड़ों ऐसे लोगों को वापस पाकिस्तान भेजा जा चुका है। लेकिन भारत में अवैध रूप से आई सीमा हैदर की पाकिस्तान वापसी पर असमंजस बरकरार है। कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने सीमा हैदर को लेकर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। जबकि पहलगाम हमले के बाद सरकार ने पाकिस्तानियों का वीजा रद्द कर उन्हें वापस भेजने का आदेश दिया। विदेशी पंजीकरण कार्यालय (एफआरओ) से सीमा हैदर के दस्तावेज सत्यापन संबंधी जवाब नहीं आए हैं। ऐसे में न्यायालय में अब तक चार्जशीट दाखिल नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक सीमा हैदर को लेकर कोई नया निर्देश फिलहाल नहीं आया है। सीमा हैदर के भारत में नागरिकता के लिए आवेदन करने और विदेशी पंजीकरण कार्यालय दस्तावेज सत्यापन की रिपोर्ट नहीं मिलने से सीमा हैदर के खिलाफ कोई निर्णय नहीं हो सका है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए युवा महिलाएं सम्मानित

**नोएडा, ईएमएस।** एमबीकेएम फाउंडेशन ने यहां आईएमए हाउस में आयोजित पुरस्कार समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली युवा महिलाओं को डॉ. रमा सहारिया अवार्ड से सम्मानित किया। फाउंडेशन इन पुरस्कारों के लिए उन युवा महिलाओं को चुनता है जो साधारण पृष्ठभूमि से आती हैं, लेकिन अपने संकल्प और मेहनत से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करती हैं – सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन की बाधाओं को पार करते हुए और एक जड़ व्यवस्था की मान्यताओं को चुनौती देते हुए अपना विशेष स्थान बनती हैं।

फाउंडेशन के महासचिव राजीव माथुर कहते हैं, हम उन लड़कियों को चुनते और सम्मानित करते हैं जिनकी दृढ़ता और संकल्प को उनके परिवारों के बाहर कोई नहीं जानता या पहचानता। फाउंडेशन के संरक्षक, 85 वर्षीय टेक्नोक्रेट और पश्चिम रेलवे के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सिविल इंजीनियर आर.एस. अत्रोले कहते हैं, ऐसी लड़कियों को चुनकर और उन्हें एक विशिष्ट समारोह में सम्मानित करके, हम समाज को यह संदेश देना चाहते हैं कि कमजोर वर्गों में भी प्रतिभा को पहचाना और सम्मानित किया जाए और ये पुरस्कार विजेता दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बनें। फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य




अधिवक्ता सी.के. श्रीवास्तव बताय कि यह पुरस्कार डॉ. रमा सहारिया की स्मृति में शुरू किए गए हैं, जो एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद थीं। वे उत्तर प्रदेश सरकार के तीन महाविद्यालयों में प्राचार्य के रूप में कार्यरत थीं। मनोविज्ञान में पीएचडी डॉ. रमा, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाली छात्राओं और संविदा पर काम करने वाले गरीब कॉलेज कर्मचारियों के प्रति विशेष संवेदना रखती थीं। डॉ. रमा सहारिया शिक्षाविद होने के साथ-साथ, दैनिक समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में महिला संबंधी मुद्दों पर लेखन करती थीं। वे एक कुशल गायिका थीं और बुनाई, कढ़ाई, सिलाई जैसे हुनर के प्रति भी उनका विशेष लगाव था। इसीलिए फाउंडेशन ने उच्च शिक्षा, मीडिया लेखन, निर्माण, सामाजिक कार्य और ललित-प्रदर्शन कला के चार क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार देने का निर्णय लिया।

## मई की शुरुआत होगी बारिश व आंधी से दिल्ली-एनसीआर में चलेंगी तेज हवाएं

**नई दिल्ली, ईएमएस।** मई की शुरुआत बारिश व आंधी से होगी। तापमान घटेगा और गर्मी से एक सप्ताह तक दिल्ली-एनसीआर के लोगों को राहत मिलेगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मई महीने के शुरुआती हफ्ते में बारिश होने की संभावना जताई है। जबकि 1-3 मई तक तेज हवाओं के आंधी में तब्दील होने की वजह से 'येलो अलर्ट' जारी किया है। आइएमडी के मुताबिक 1-3 मई तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और गरज के साथ हल्की बारिश होगी। वहीं हवाओं की रफ्तार 30-40 किमी प्रतिघंटा व कुछ इलाकों में 50 किमी प्रतिघंटा से चलेंगी जोकि आंधी का रूप ले सकती हैं।

इस दौरान अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक जा सकता है। वहीं 4-5 मई को आसमान में बादल छाए रहेंगे और बूंदाबांदी होगी लेकिन हवाओं की गति धीमी पड़ रहेगी। मंगलवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 37.5 व न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.7 अधिक 24.5 दर्ज किया गया। मंगलवार सुबह पूर्वी सतही



हवाओं की रफ्तार 15-20 किलोमीटर से बढ़कर शाम के समय 37 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच गई। वहीं सर्वाधिक अधिकतम तापमान में गिरावट पालम निगरानी केंद्र में देखने को मिली। दूसरी तरफ उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में अगले कुछ दिनों तक बारिश और बर्फबारी हो सकती है, जबकि मैदानी इलाकों में जैसे पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

### सत्ता के 100 दिन पूरे होने पर थिरके राष्ट्रपति ट्रंप...

## अपनी उपलब्धियां तो बाइडेन की गिनाईं खामियां

**वाशिंगटन, ईमएस**

राष्ट्रपति के तौर पर 100 दिन पूरे करने का जश्न डोनाल्ड ट्रंप ने डांस करके मनाया। मिशिगन रैली में उन्होंने अपनी उपलब्धियां गिनाईं और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की खामियों को बताया। इस रैली का नाम 100 डेज ऑफ ग्रेटनेस रखा गया। व्हाइट हाउस की ओर से जारी वीडियो में ट्रंप डांसिंग मूव्स करते और मौजूद समर्थकों को थैंक्यू कहते देखे जा सकते हैं।

इस दौरान ट्रंप ने कहा कि हम आज रात अपने देश के इतिहास में किसी भी प्रशासन के सबसे सफल 100 दिनों का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए हैं। ट्रंप ने इस दौरान टैरिफ से लेकर अप्रवासन नीतियों का बखान किया। उन्होंने बाइडेन प्रशासन और डेमोक्रेट्स पर जमकर हमला बोला। ट्रंप ने अपने पूर्ववर्ती बाइडेन पर तंज कंसते हुए दोहराया कि 2020 का राष्ट्रपति चुनाव उन्होंने चुराया गया था। ट्रंप ने रोजगार सृजन के मामले में भी अपनी पीठ थपथपाई। बहुत सारी ऑटो नौकरियां आ रही हैं। कंपनियां आ रही हैं...वे सभी मिशिगन वापस आना चाहती हैं और फिर से कारें बनाना चाहती हैं। आप जानते हैं



क्यों? हमारी कर और शुल्क नीति के कारण, वे दुनिया भर से आ रहे हैं। ट्रंप ने अपने समर्थकों, खासकर ऑटो कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं ऑटो कर्मचारियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। यह बहुत बढ़िया था। ये पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने अपनी उपलब्धियों का जश्न डांस करके दर्शाया हो। 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने के बाद भी वे थिरके थे।

### अमेरिका ने की भारत-पाक से शांति की अपील

पहलगाम हमले के बाद से पाकिस्तान और भारत में तनाव लगातार बढ़ रहा है लोग अपना गुस्सा और चिंता जाहिर कर रहे हैं। इस बीच अब अमेरिका का बयान सामने आया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत और पाकिस्तान से स्थिति को और न बढ़ाने को कहा है। साथ ही दोनों देशों के अपने समकक्षों, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तानी विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार को फोन करके यही संदेश देने की योजना बनाई है। अमेरिका ने अन्य विश्व नेताओं से भी दोनों पक्षों को यही संदेश देने का आग्रह किया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने रूबियो का बयान पढ़ते हुए कहा कि हम दोनों पक्षों से संपर्क कर रहे हैं और निश्चित रूप से उन्हें स्थिति को और न बढ़ाने के लिए कहा गया है। सचिव आज या कल तक पाकिस्तान और भारत के विदेश मंत्रियों से बात कर सकते हैं।

## ट्रक और ऑटो की टक्कर से दो युवक घायल

भोपाल(ईएमएस)। मिसरोद इलाके में जहाँ फेरी लगाकर कपड़े बेचने वाले दो पहिया वाहन सवार युवक को ट्रक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। वहीं खजूरी सड़क इलाके में आटो चालक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। मिली जानकारी के मुताबिक मुकेश कुमार (33) भैंसाखेड़ी बैरागढ़ में रहता और दो पहिया वाहन पर फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करता है।

## आऊटसोर्स कर्मचारी की करंट से मौत के मामले में लाइन मैन के खिलाफ मामला दर्ज

भोपाल(ईएमएस)। परवलिया इलाके में करीब 6 महीने पहले रक्षा बिहार कॉलोनी में फॉल्ट सुधारने के लिये पोल पर चढ़े लाइनमैन की करंट की चपेट में आने से मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद बिजली विभाग के लाईन मेन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच में सामने आया की लाइन मेंन ने मृतक को बगैर सुरक्षा उपकरणों के जम्फर जोडने के लिए पोल पर चढ़ाया था।

### फटाफट खबरें

## डिलीवरी बॉय ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल(ईएमएस)। मिसरोद थाना इलाके में स्थित बीडीए सलैया में रहने वाले ब्लिंकिट कंपनी के डिलीवरी बॉय द्वारा फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना सामने आई है। घटना के समय वह घर में अकेला था। फिलहाल आत्महत्या का कारण साफ नहीं हो सका है, जिसकी पुलिस जॉच कर रही है। पुलिस के मुताबिक बीडीए मल्टी सलैया में रहने वाला तुषार परते (20) ऑनलाइन माल सप्लाई करने वाली कंपनी ब्लिंकिट में डिलीवरी ब्वाय की नौकरी करता था। सोमवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह घर में अकेला था। उसी दौरान उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। बाद में जब परिजन घर पहुंचे तब हादसे का पता चला। परिवार वाले उसे फौरन ही फंदे से उतारकर पास में स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुचें जहॉ डॉक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया।

## भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा का हार्ट अटैक से निधन

भोपाल(ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी के बेबाक प्रवक्त । नरेंद्र सलूजा का हृदय गति रुक जाने के कारण दुखद निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से पूरे मध्यप्रदेश में शौक के लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के मुताबिक नरेंद्र सलूजा बीते दो दिनों से सीहोर के एक रिसॉर्ट में थे। वह यहां पर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। जहां उन्हें सीने में दर्द हुआ तो साथ वाले लोगों ने अस्पताल चलने का आगाह किया। लेकिन उन्होंने अनसुना करके एसिडिटी की दवाई खाली और इंदौर के लिए रवाना हो गए। सलूजा इंदौर पहुंचे ही थे, कि उन्हें फिर से दिल का दौरा पड़ा और वह अपने घर पर बेहोश होकर गिर पड़े। परिजन फौरन ही उन्हें पास के एक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। गौरतलब है, कि नरेंद्र सलूजा भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से पूर्व कांग्रेस के कद्दावर नेता माने जाते थे।

## विधवा महिला की मांग भरकर किया रेप

भोपाल (ईएमएस)। सूखी सेवनिया पुलिस ने विधवा महिला की शिकायत पर परिचित के खिलाफ ज्यादती का मामला कायम किया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उससे नजदीकियां बढ़ाकर मांग भरकर अपने साथ रख दुष्कर्म किया और 10 बाद उसे घर से भाग दिया। प्रकरण दर्ज कर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार राजधानी निवासी 27 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में बताया की दो महीने पहले उसके पति का देहांत हो गया था। उसकी पूर्व से आरोपी अरविंद जैन नाम के युवक से जान-पहचान थी। पति की मौत के बाद युवक ने उससे नजदीकियां बढ़ाईं और शादी करने का झांसा दिया। महिला ने उसपर भरोसा करते हुए अपनी सहमति दे दी। इसके बाद बीती 19 अप्रैल को आरोपी महिला को अपने घर ले गया और वहॉ मांग भरकर उससे शादी कर ली।

## मारपीट करने वाले बदमाश की तलाश जारी

भोपाल(ईएमएस)। निशातपुरा थाना इलाके में स्थित शिव नगर करोंद में एक युवक का अपहरण कर उसे कमरे में बधंक बनाकर मारपीट करने वाले आरोपियो की फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।करीब एक घंटे तक मारपीट करने के बाद आरोपियों ने उसे छोड़ दिया। इसके बाद पीड़ित युवक थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार शिव नगर करोंद निवासी अभिषेक कुशवाह (23) निजी काम करता है। शनिवार रात करीब 10 बजे वह निजी काम के चलते घर से बाहर गया था। थोड़ी दूर जाने पर ही मोहल्ले में रहने वाले दीपक जाट, रवि जाट, मंगू जाट, बिट्टू मीना, महेश व गजराज से उसका आमना-सामना हो गया। आरोपियो ने उसके साथ गाली-गलौच करनी शुरु कर दी।

# जीवन के निर्माण में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है विना शिक्षा के हमारा जीवन अधूरा है : मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज



भोपाल(ईएमएस)। जीवन के निर्माण में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है विना शिक्षा के हमारा जीवन अधूरा है उपरोक्त उदगार संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने विद्याप्रमाण गुरुकुलम् के प्रथम स्थापना समारोह में अक्षय तृतीया के दिवस भोपाल में प्रकट किये। उन्होंने कहा किगुणायतन ने अभी तक जो भी कार्य अपने हाथ में लिया है उसे पूर्ण निष्ठा के साथ पूर्ण किया है।

मुनि श्री ने आचार्य गुरूदेव को स्मरण करते हुये कहा कि आचार्य गुरूदेव चाहते थे, कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति में शिक्षा की जो अवधारणा सर्वांगीण शिक्षा की होती थी, वह पूर्ण हो। उपरोक्त संदर्भ में मेरी चर्चा उनसे नेमावर में हुई थी, उन्होंने आशीर्वाद देते हुये कहा था कि वर्तमान समय की शिक्षा व्यवस्था मात्र वौद्धिक विकास की ओर है, में मानता हु कि वौद्धिक विकास जीवन के लिये बहुत जरुरी है, लेकिन बौद्धिक विकास के साथ - साथ नैतिक चारित्रिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास भी जरुरी है। मुनि श्री ने कहा कि आज जो भी कार्य हो रहा है, वह पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद का ही प्रतिफल है। पूज्य गुरुदेव की यह भावना आचार्य गुरूदेव विद्यासागर शोध संस्थान में आकर विद्याप्रमाण गुरुकुलम् के रूप में पूर्ण हुई। मुनि श्री ने कहा कि यह केवल एक संस्थान ही नही, वल्कि यंहा पर जो भी छात्र अध्यन करेंगे वह सभी छात्र मुखर, प्रखर, प्रज्ञावान बनकर देश के प्रति देश समाज और धर्म के आईकॉन बनेंगे तथा राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान देंगे।

मुनि श्री ने कहा कि गुणायतन द्वारा दी जा रही स्कालरशिप के माध्यम से विद्या प्रमाण गुरुकुलम् में जिन बच्चों का सिलेक्शन हो गया है, उसकी समस्त शिक्षा का भार आगे से गुणायतन उठाऐगा। उनको ऐसी शिक्षा दी जाऐगी, कि जो बच्चे यंहा से शिक्षा प्राप्त करके जाऐंगे, वही बच्चे इस संस्थान को भी आगे बड़ाऐंगे। मुनि श्री ने कहा कि वर्तमान में बच्चे पड़ाई पूरी करके ऊंचा स्थान तो पा जाते है, लेकिन उनके अंदर से संस्कार का अभाव रहने से वह सिर्फ अपने तक सीमित रहते है। मुनि श्री ने आशीर्वाद देते हुये कहा कि अक्षय तृतीया के दिन गुणायतन, विद्यासागर शिक्षण संस्थान तथा सेज इंटरनेशनल के माध्यम से जो उत्कृष्ट कार्य पूर्ण हुआ है। उसके लिये तीनों संस्थान के सभी कार्यकर्ताओं की महनत है। आज संपूर्ण भारत में1800 चेप्टर मेमन है और सबसे अधिक 200 के करीबन भोपाल में है। उन्होंने कहा कि जैसा कि इंदौर चातुर्मास के दौरान घोषणा की गई थी, कि गुणायतन का उद्देश्य श्री सम्मेद शिखर तक सीमित नहीं है। गुणायतन का मूल मक्सद समाज का गुणात्मक परिवर्तन कर समाज को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग आलोचनाओं को करते हुये गुणायतन के संदर्भ में धुंआ उड़ाते है।

उन सभी को भी में आशीर्वाद देता हु और कहता हूं कि आप लोग धुंआ उड़ाइये में उसमें खुश्बू मिलाता हूं, अच्छे कार्य की हमेशा सुगंध ही फैलती है। मुनि श्री ने कहा कि भोपाल मेरा कर्मक्षेत्र रहा है और श्री सम्मैदशिखर जी के पश्चात भोपाल हमारा दूसरा केंद्र बनेगा। मुनि श्री ने कहा कि लगभग 1500 बच्चों का इंटरव्यू हुआ था और उसमें 180 बच्चों को सिलेक्ट किया गया था । उसमें से 150 बच्चे अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित हुये है। वह सभी बच्चे सौभाग्यशाली है। इन बच्चों में आज शिक्षा के संस्कार दिये गये है। उन्होंने सभी बच्चों के अभिभावकों को आशीर्वाद देते हुये कहा कि छोटी-छोटी बातों की ओर ध्यान न देकर सभी अभिभावकों को अपनी धर्म परंपरा और संस्कृति के लिये आगे आना होगा, तभी हम पूज्य गुरुदेव की भावनाओं को पूर्ण कर पाऐंगे। हमारा एक ही लक्ष्य है, कि यंहा से निकला प्रत्येक छात्र इस संस्थान का आईकांन बने।

उपरोक्त जानकारी देते हुये प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया प्रातःकालीन बेला में उपरोक्त कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुये बाल ब्र. अशोक भैया एवं अभय भैया ने मंत्रोच्चारण के साथ संस्कार विधी को संपन्न कराया। इस अवसर पर गुणायतन के अध्यक्ष विनोद काला कोलकाता एवं कार्याध्यक्ष एन सी जैन दिल्ली ने घोषणा की गुरुकुलम् में स्कालरशिप के माध्यम से शिक्षा पूर्णतया निःशुल्क रहेगी। उन्होंने मध्यभारत क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेंद्र टोंग्या, तथा भोपाल क्षेत्र के अनुभव सराफ,देवेंद्र जैन सहित समस्त कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुये समस्त अभिभावकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर गुरु सेवक विवेक जैन कुनकुरी,अक्षय जैन,हरीश जैन सहित गुरु सेवा से जुड़े सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय महिला आयोग ने मामले की जांच के लिये तीन सदस्यीय कमेटी बनाई

# टीआईटी कॉलेज की छात्राओं से रेप मामले में पॉचवी एफआईआर दर्ज

### ▸ कॉलेज के पास बने रेस्टोरेंट पर पुलिस ने जड़ा ताला

▸ आरोपियों के मोबाइल से कई छात्राओं के दर्जन भर से से अधिक वीडियो मिले

भोपाल(ईएमएस)।







राजधानी के टीआईटी कॉलेज में छात्राओं के साथ रेप, ब्लैकमेलिंग और लव जिहाद के मामले में परिजन के साथ बागसेवनिया थाने पहुंची पांचवीं पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एक और एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता भोपाल की रहने वाली है। पुलिस को इस पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो आरोपी फरहान के मोबाइल में मिला था।

पुलिस सूत्रो के मुताबिक आरोपियों के जप्त मोबाइल से 7 छात्राओं के एक दर्जन से अधिक आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। पॉच प्रकरण दर्ज किये जा चुके है, मामले में दो और पीड़िताऐं भी सामने आ सकती हैं। वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग भी इस मामले की जांच के लिये तीन सदस्यीय कमेटी बनाई है। समिति की अध्यक्ष झारखंड की पूर्व डीजीपी निर्मला कौर नियुक्त की गई। जॉच के आधार पर पुलिस ने आरोपियो पर शिकंजा कसना शुरु कर दिया है। पुलिस ने टीआईटी कॉलेज के पास स्थित एक रेस्टोरेंट पर ताला लगा दिया है। इसी रेस्टोरेंट में आरोपी लड़कियो को लेकर आते थे।

पुलिस को संदेह है की रेस्टोरेंट का संचालक गिरोह का मददगार रहा होगा। जॉच और रेस्टोरेंट संचालक से पूछताछ के आधार पर इस संबध में कार्यवाही की जायेगी। अधिकारियों ने बताया कि पीड़िताओ कियों के बयान और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर इस रेस्टोरेंट की पहचान की गई। यहॉ ग्राहकों के लिए निजी केबिन बने हुए थे। लड़कियों से पहचान बढ़ाने के बाद गिरोह का आरोपी फरहान और अन्य सदस्य उन्हें इसी रेस्टोरेंट में लेकर जाते थे। मामले में पुलिस अब तक चार आरोपियो को गिरफ्तार कर चुकी है। इसमें से फरहान और साहिल पुलिस रिमांड पर हैं।

वहीं साद को जेल भेज दिया गया है। सोमवार शाम न्यायालय में पेशी के दौरान वकीलों ने अली को जमकर पीटा था, जिसे किसी तरह बचाकर निकाला गया। उसे इलाज के लिये एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले मंगलवार को आरोपी अली का पुलिस ने स्पॉट वेरिफिकेशन कराते हुए पुलिस ने कपड़े समेत अन्य सामान जब्त किया है। पुलिस पहले ही घटना में इस्तेमाल की गई फरहान की बाइक जब्त कर चुकी है, अब अली की बाइक की जब्ती की जाएगी।

## अब मप्र में भी होगी मखानों की खेती

भोपाल,ईएमएस। झारखंड और बिहार के बाद अब मध्यप्रदेश में भी मखानों की खेती की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। इसके अंतर्गत प्रदेश के चार जिले बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और होशंगाबाद को पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना गया है। मखाना बोर्ड दिल्ली से भी सरकार को मंजूरी मिल गई है। प्रदेश में मखानों की खेती के लिए हॉर्टिकल्चर विभाग ने भी खाका तैयार कर लिया है। उत्पादन से 30 फीसदी मखानासस्ता मिलेगा। मध्य प्रदेश के किसानों को मखाना उत्पादन ट्रेनिंग के लिए बिहार भेजा जाएगा। विभाग ने चयनित जिलों का पहले सर्वे किया था। इसके बाद पायलट प्रोजेक्ट के तहत इन्हें चुना गया है।

### चार जिलों का चयन

मखाना खेती के लिए उपयुक्त काली के साथ रेतीली मिट्टी और जल भराव क्षेत्र से एमपी के चारों जिले सम्पन्न हैं। इसके लिए हॉर्टिकल्चर विभाग किसानों को बीज उपलब्ध कराएगा। इसमें 40 फीसदी का अनुदान प्रदेश सरकार देगी। एक हेक्टेयर में मखाना खेती का अनुमानित लागत लगभग 75 हजार है। किसानों को 35 हजार रुपए लगाने होंगे। बता दें कि बाजार में मखाना 1600 से 1700 रुपए प्रति किलो बिकता है।

## लव मैरिज के तीसरे दिन बहू से जेठ ने कर डाला रेप

### पीड़िता को चुप रहने की धमकी देने वाले पति, सास को बनाया सह आरोपी



भोपाल (ईएमएस)। राजधानी भोपाल के नजदीक बैरसिया थाना इलाक में एक युवती के साथ प्रेम विवाह के तीसरे दिन ही उसके जेठ ने उसके साथ बलात्कार कर डाला। युवती ने जब जेठ की करतूत के बारे में पति से शिकायत की तब पति ने को उसे चुप रहने के लिए कहा। उसकी खामोशी से आरोपी जेठ की हिम्मत बढ़ गई और उसकी हरकतें बढ़न लगी। तब परेशान होकर पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज करा दिया। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की जनवरी माह में उसने बैरसिया की एक कॉलोनी में रहने वाले एक युवक से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद वह अपनी ससुराल पहुंच गई। आरोप है की शादी के तीन दिन बाद ही जब उसका पति घर पर नहीं था, तब मौका पाकर आरोपी जेठ अरविंद शर्मा ने शराब के नशे में उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। बाद में जब पति के वापस लौटने पर उसने जेठ की सारी करतूत उसे बताई। तब पति ने उसकी पर विश्वास नहीं किया तब महिला ने यह बात अपनी सास को बताई। लेकिन दोनों ने ही उसकी बात को न मानते हुए धमकी दी कि अगर इस संबध में किसी को कुछ बताया तो उसे घर से निकाल देंगे। ससुराल वालों की धमकी के कारण नवविवाहिता चुप रह गई। उसकी खामोशी से जेठ की हिम्मत बढ़ गई और वह दोबारा उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करने लगा। तंग आकर पीड़िता ससुराल से निकल गई और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी जेठ के खिलाफ बलात्कार का मामला कायम कर किया है, वहीं पति, सास को सह आरोपी बनाया है।

## एम्स में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी के नाम पर ठगी

### एजेंसी का संचालक बताकर आरोपी ने की वारदात

भोपाल,ईएमएस । भोपाल एम्स में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने गार्ड के रूप में भर्ती कराने के नाम पर 80 हजार रुपए में डील की। बतौर एडवांस 20 हजार रुपए लिए। जालसाज खुद को सिक्योरिटी कंपनी का संचालक बताता था। जहांगीराबाद पुलिस ने शिकायती आवेदन की जांच के बाद एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी की तलाश की जा रही है। एसआई सुनील भदौरिया ने बताया कि फरियादी राघवेंद्र सिंह की मुलाकात थान सिंह से हुई थी। थान सिंह ने खुद को एम्स में सिक्योरिटी गार्ड उपलब्ध कराने वाली कंपनी का संचालक बताया था। आरोपी ने कहा था कि वह राघवेंद्र की नौकरी भी लगवा देगा। इसके लिए 80 हजार रुपए लगेंगे। गार्ड की ड्रेस उसे कंपनी की ओर से दी जाएगी। आरोपी के झांसे में आया राघवेंद्र राजी हो गया।

### जहांगीराबाद सेंटर पाइंट के बाहर हुई डील

सितंबर 2024 को वह 20 हजार रुपए लेकर सेंटर पॉइंट के पास पहुंचा। यहां पहले से मौजूद आरोपी को रकम दी। आरोपी ने भरोसा दिलाया- अक्टूबर से उसकी नौकरी लग जाएगी।

## अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भगवान श्री मुनिसुब्रतनाथ भव्य वेदी पर हुए विराजमान

भोपाल(ईएमएस)।

भोपाल शहर की प्राचीन और प्रमुख दिगम्बर जैन न्यास श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट चौक भोपाल के अंतर्गत एक और भव्य श्री मुनिसुब्रतनाथ जिनालय शहीद भगत सिंह मार्ग संत आशाराम बापू चौराहा गोंदरमउ एयरपोर्ट रोड गांधी नगर भोपाल में बनकर तैयार हो चुका है। वर्ष 2022 में इस जिनालय का शिलान्यास हुआ था।

अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर मुनि श्री निर्वेग सागर, मुनि श्री विमल सागर एवं मुनि श्री अनंत सागर जी संघ के सानिध्य में 111 इंच के भगवान श्री



मुनिसुब्रतनाथ भव्य वेदी पर विराजमान हुए। इस जिनालय हेतु भूमि स्व अक्षय जैन अलंकार लाज परिवार ने दान की है। भगवान विराजमान करने का सौभाग्य श्रीमती शशिकिरण जैन, समीर जैन, साकेत जैन को प्राप्त हुआ । और वेदी का निर्माण का सौभाग्य अंतिम जैन बंटी को प्राप्त हुआ। जिनालय के शिखर पुण्यार्जक सुनील जैन लिबास परिवार है। उक्त जिनालय का निर्माण कार्य ब्र. विनय भैया के निर्देशन में उपमंत्री एवं निर्माण प्रभारी नील चौधरी एडवोकेट और अनुभव सौगानी, साकेत जैन, अभिषेक जैन के द्वारा कराया जा रहा है। उपरोक्त जिनालय के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा दिनांक 4 जून से मुनि श्री निर्वेग सागर , मुनि श्री विमल सागर , मुनि श्री अनंत सागर , संघ के सानिध्य में होना है। मूर्ति विराजमान होने के शुभ अवसर पर मनोज बांगा, आलोक पंचरत्न, प्रदीप सौगानी, मनोज आर एम, नील चौधरी, विपिन एम पी टी, ऋषभ कोतवाली, नीतेश मामा, अभिषेक जैन आदि उपस्थित रहे।

## राजधानी सहित पूरे प्रदेश में भीषण लू से राहत

भोपाल,ईएमएस। मप्र में तेज गर्मी से परेशान लोगों को जल्द ही हल्की राहत मिलने जा रही है। मप्र के कई इलाकों में तेज हवाएं और बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसके लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 2 मई को प्रदेश के उज्जैन, इंदौर संभाग को छोड़ प्रदेश के बाकी जिलों में कुछ स्थानों पर 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक हवाएं और बारिश होने की संभावना जताई है। जबकि 3 मई को ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन और भोपाल, सागर संभाग के कुछ जिलों को छोड़ बाकी स्थानों पर बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं। बारिश के चलते तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग की सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ। दिव्या ई। सुरेंद्रन के मुताबिक प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय है। यह सर्कुलेशन उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश और उसके निकटवर्ती क्षेत्र में समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर के ऊंचाई पर सक्रिय है।

### शिवराज बोले इंडी गठबंधन में श्रेय लेने की होड़

# सोनिया, मनमोहन ने जातिगत जनगणना क्यों नहीं करवाई?

भोपाल,ईएमएस ।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जातिगत जनगणना के फैसले को लेकर कहा कि, ये सबका साथ, सबका विकास और सबके कल्याण के लिए की जाएगी। मैं जातिगत जनगणना कराने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। ये जाति की राजनीति नहीं है।

सुशासन की आधारभूत नींव है, समाज के हर वर्ग को न्याय देने का प्रयास है, जो पूरे पारदर्शी तरीके से जमीन पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि, राष्ट्र और समाज के व्यापक हित में जातिगत जनगणना का उपयोग किया जाएगा। शिवराज ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो काम नहीं करती है, और जब विपक्ष में आती है तो जातिगत जनगणना जैसी मांग करती है। हाथी के दांत दिखाने के और, खाने के और हैं। उन्होंने कहा कि, आज कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं में श्रेय लेने



की होड़ लगी हुई है। मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूँ कि, वर्षों तक देश में कांग्रेस की सरकारें रही, इतने सालों तक जातिगत जनगणना क्यों नहीं हुई..? काका कालेलकर की रिपोर्ट किसने दबाई थी। कांग्रेस ने हमेशा जातिगत जनगणना का विरोध किया।

झूठ बोलना और भ्रम फैलाना कांग्रेस के डीएनए में है। शिवराज ने कहा कि राहुल गांधी मैं आपको याद दिलाना चाहता हूँ, स्वर्गीय राजीव गांधी का रुख क्या था, उस समय जातिगत जनगणना क्यों नहीं हुई..? फिर सोनिया गांधी पॉवर में आईं, दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह उनकी सरकार आई, तब उन्होंने पार्लियामेंट में आश्वस्त किया था कि, वो जातिगत जनगणना पर कैबिनेट में विचार करेंगे। मंत्रीमण्डल का एक समूह बना ग्रुप ऑफ मिनिस्टर तब भी जातिगत जनगणना नहीं हुई बस एक सर्वे ही हुआ। मैं पूछना चाहता हूं कि, क्यों सोनिया गांधी ने, क्यों स्वर्गीय मनमोहन सिंह ने जातिगत जनगणना नहीं कारवाई और उस समय सर्वे के एसईसीसी के जो आँकड़े थे, उसमें भी हजारों त्रुटियाँ थीं। वो लगभग अस्वीकार कर दिया गया था, तब कांग्रेस कहाँ थी। पत्रकार वार्ता के पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया । इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल मौजूद थे ।

### डीजीपी ने यूपीएससी में चयनित बच्चों को पीएचक्यू बुलाकर किया सम्मानित

# सिपाही, हवलदार के बेटा-बेटी बने कलेक्टर, एसपी

भोपाल,ईएमएस। हाल ही में यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित हुआ है। जिसमें मप्र के बच्चों ने भी सफलता हासिल की है। यूपीएससी परीक्षा पास करने वालों में मप्र पुलिस के हवलदार, दरोगा के बेटा-बेटी भी हैं। जो जिनका चयन आईएएस, आईपीएस, आईआरएस के लिए हुआ है। पुलिसकर्मियों के इन होनहार बच्चों को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय बुलाकर सम्मानित किया।

जिन पुलिसकर्मियों के बच्चों ने यूपीएससी की परीक्षा पास की है, उनमें छतरपुर जिले में पदस्थ प्रधान आरक्षक उमाशंकर मिश्रा के पुत्र आशुतोष मिश्रा (ऑल इंडिया रेंक 198), ग्वालियर में पदस्थ सउनि नरेश रघुवंशी के पुत्र आशीष रघुवंशी (ऑल इंडिया रेंक 202), जबलपुर में पदस्थ आरक्षक सतीश तिवारी की पुत्री शिवानी तिवारी (ऑल इंडिया रेंक 294), नर्मदापुरम में पदस्थ प्रआर जगदीश सिंह राजपूत के पुत्र तनिश सिंह राजपूत (ऑल इंडिया रेंक 611) और टीकमगढ़ में एएसआई के पद पर पदस्थ राजेश कौशल के पुत्र सिद्धार्थ कौशल (ऑल इंडिया रेंक 749) का यूपीएससी में चयन हुआ है। डीजीपी मकवाणा ने कहा कि गंभीरता, व्यवसायिक दक्षता, कठोर परिश्रम, ईमानदारी, संतुलित आचरण तथा सद्व्यवहार से ही आप आदर्श अधिकारी साबित होंगे।

### दिल्ली पुलिस चेकिंग में दो बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया। ड्राइवर ने रुकने की बजाय भागने की कोशिश की। जिसे थोड़ी दूर पीछा करके पकड़ लिया गया। पुलिस को बाइक सवार एक आरोपी के पास से देसी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। बाइक को भी जब्त कर लिया गया। इसके बाद जब पुलिस उन्हें थाने ले जा रही थी तो दोनों चलती गाड़ी से कूद गए जिसमें उन्हें चोटे आईं।



### 400 एकड़ में बनेगा नया तिहाड़ जेल प्रशासन ने सरकार को लिखा पत्र

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बजट पेश करने के बाद तिहाड़ प्रशासन ने दिल्ली सरकार को पत्र लिखकर नए परिसर के लिए 400 एकड़ भूमि की पहचान और आवंटन करने का अनुरोध किया है। नई जेल में 8,000 कैदियों को रखने की क्षमता होने की संभावना है। इस संबंध में कुछ दिन पहले दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और दिल्ली सरकार के भूमि एवं भवन विभाग को आधिकारिक पत्र भेजा गया था।



## संपादकीय

# सीरिया से बदतर हो जाएंगे पाकिस्तान के हालात

**जम्मू** -कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए कम है। इस घटना के दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी ही चाहिए, फिर चाहे वो देश के अंदर मौजूद हों या फिर सीमापार। इससे किसी भी शांतिप्रिय व्यक्ति या देश को आपत्ति भी नहीं होनी चाहिए। बल्कि ऐसे आतंकियों को सजा दिलाने में सभी को साथ आना चाहिए, ताकि दुनियां में यह संदेश जा सके कि निर्दोष और निहत्थों पर जुल्म और ज्यादती करने और बेरहमी से जान लेनें वालों की इस दुनियां में न तो कोई जगह है और न ही किसी को उनकी जरुरत है। पर अफसोस कि आतंकवाद को पालने और दरिंदों की फौज तैयार कर पड़ोसियों को ज्यादा से ज्यादा परेशान करने की जो रणनीति पर चल रहा हो, वह शांति और भाईचारे की बात को कैसे समझ सकता है। ठीक वैसे ही जैसे कि जो इमारत नफरत की नींव पर खड़ी की गई हो उसमें सुख-समृद्धि और भाईचारा कैसे निवास कर सकता है। बगावत और हमेशा कत्लेआम की भाषा बोलने वाले प्रगति के पथ पर सरपट दौड़ ही नहीं सकते। इसके चलते बहुतायत में अशिक्षा, बेरोजगारी और गरीबी पनपती है और फिर शुरु होता है अपनों और परायों का फर्क किए बगैर छल-कपट और फरेब के साथ ही खून-खराबे का वो दौर जो इस समय पाकिस्तान में देखने को मिल रहा है। वैसे देखा जाए तो विभाजन के बाद से पाकिस्तान कभी सुकून से बैठा ही नहीं। राजनीतिक अस्थिरता और आतंकवाद को पालने का परिणाम बांग्लादेश के तौर पर पाकिस्तान के दो टुकड़े हो जाना हमेशा। उसके दिल में इसकी टीस सदा ही उभरती होगी, इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है। बावजूद इसके सही रास्ते पर आने की जगह पाकिस्तान अपने ढर्रे पर कायम रहा, नतीजा पीओके और बलूचिस्तान के साथ ही अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में बगावत के सुर और बड़ी तादाद में हिंसा का होना है। अब यदि वह कुछ और करने की सोचता भी है तो बिना कुछ किए एक और प्रांत अलग देश बनाने को तैयार बैठा है। पाकिस्तान की संसद में इसको लेकर बात भी हो चुकी है, जिसे एक सांसद ने यह कहते हुए बतला दिया था कि इस अशांत प्रांत के 12 जिलों में विद्रोही गुटों की आजाद सरकारें चल रही हैं। मतलब साफ है कि जहां आवामी सरकार के पैररल किसी संगठन की अपनी सरकार चल रही हो, वहां के हालात कैसे हो सकते हैं। इस समय पाकिस्तान के कुछ मंत्री समेत नेता भी भारत को गीदड़भभकी देने का काम कर रहे हैं। परमाणु संपन्न होने का वो दम भर रहे हैं और बता रहे हैं कि ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। बात यह है कि यदि वाकई युद्ध होता है तो फिर पाकिस्तान के अंदर मौजूद विद्रोही गुट क्योंकर खामोश बैठेगा। वह भी मौका देख अपने मकसद को पूरा करने के लिए पाकिस्तानी सरकार और सेना के खिलाफ हथियार उठाने से पीछे नहीं हटेगा। स्थिति सीरिया से भी बदतर हो जाएगी और एक और जख्म देश टूटने का पाकिस्तान को सहना पड़ जाएगा। ऐसा नहीं है कि देश के हालात से पाकिस्तान की मौजूदा शहबाज सरकार नाबाकिफ है, लेकिन इससे निकला कैसे जाए यह उसे सूझ ही नहीं रहा है। गौर करने वाली बात है कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जो खुद इस समय जेल में हैं कह रहे हैं कि पहलगाम घटना में लोगों की जान जाना बेहद परेशान करने वाला और दुखद है। पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। वो पुलवामा घटना को याद करते हुए आगे कहते हैं कि जब पुलवामा की घटना हुई थी, तब हमने भारत को हरसंभव सहयोग करने की पेशकश की थी, लेकिन भारत तब कोई ठोस सबूत पेश करने में विफल रहा। इसके साथ ही इमरान ने यह भी कह दिया कि उन्होंने तो पहलगाम जैसी घटना की 2019 में ही भविष्यवाणी कर दी थी। वैसे इमरान की बात ज्यादा इसलिए मायने नहीं रखती क्योंकि उन्हें खुद अपने भविष्य का पता नहीं है। कब जेल से छूटेंगे और कब अपने विरोधियों के दिए हुए जख्मों का बदला ले पाएंगे, कहा नहीं जा सकता है। पाकिस्तान में जुल्फीकार अली भुट्टो, बेनजीर भुट्टो, जनरल परवेज मुशर्रफ और भी कई बड़े नेताओं का हश्र तो दुनियां देख ही चुकी है। इन तमाम घटनाओं के लिए किसी विदेशी की आवश्यकता ही नहीं पड़ी थी। बहरहाल इस समय पाकिस्तान को चाहिए था कि वो आगे आता है और आतंकवाद को खत्म करने भारत से कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ता, लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं है। इसलिए युद्ध की भाषा बोली जा रही है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही किसी अनजानी एयरस्ट्राइक के खौफ में वह लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर सीमा पर गोलीबारी किए जा रहा है। भारतीय सैना और सुरक्षाबल अपने हिसाब से उसे मुंहतोड़ जवाब भी दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सेना को कार्रवाई की खुली छूट दे दी है, ऐसे में पाकिस्तान घबराहट में है। अंततः युद्ध किसी मसले का अनंतिम समाधान नहीं हो सकता। हो सकता है कि कुछ समय के लिए कोई हल निकल भी आए, लेकिन वह स्थाई होगा यह नहीं कहा जा सकता है। इसलिए पहलगाम के पीड़ितों को न्याय दिलाने की पहल होनी चाहिए, जिसके लिए भौगोलिक सीमाओं का बंधन कोई मायने नहीं रखता है।

**-डॉ हिदायत अहमद खान**

# मजदूरों के हितों को सुरक्षित करना जरूरी

बेशक देश में प्रतिवर्ष की तरह 1 मई को मजदूर 2025 दिवस मनाया जा रहा है। केवल मात्र एक दिन बड़े-बड़े सैमिनार, गोष्ठियां की जाती है मजदूरों के हितों को सुरक्षित करने के लिए बड़े दावे किये जातें है मगर 364 दिन मजदूरों के बारे में कोई नहीं सोचता कि मजदूरों के साथ कैसे-कैसे हादसे होते रहते है।प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं हर जगह मजदूर काल का ग्रास बन रहे है। देश में मजदूरों के साथ हादसे कब थमेगें यह एक यक्ष प्रशन है। हर साल दिवस मनाए जाते है मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के नाम पर सैकडों योजनाए चलाई जाती है मगर उन्हे उनका हक नहीं मिलता। देश में हर रोज मजदूर बेमौत मर रहे हैं।प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश में मजदूरों के साथ हादसे थमने का नाम नहीं ले रहें हैं।हर साल दिवस मनाए जाते है मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के साथ होने वाले यह हादसे बहुत ही त्रासदी है।कहीं उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं।हादसों की बजह से बच्चे अनाथ हो रहे है।मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है। देश में हर वर्ष लाखों मजदूर दबकर मारे जा रहे हैं उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं। मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है।देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं, इमारतों के नीचे दबकर मजदूर काल का ग्रास बन रहे है।हादसों को देखकर रौगंटे खड़े हो जाते हैं देश के राज्यों में चल रहे ईटों के भठठों में मजदूर मारे जा रहे हैं।मजदूरों के पसीने से ही ईटें पकती हैं मगर भठठा मालिक मजदूरों का शोषण कर रहे हैं मजदूर खून-पसीना बहाकर काम करते है।मगर बदले में मेहनताना नाममात्र दिया जाता है।मालिक मजदूरों के सिर पर करोड़ों रुपया कमा रहे है।आकडों के मुताबिक बीते सालों में देश में हजारों मजदूर मारे जा चुके है।हादसों नं सवाल खड़े कर दिये हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या है इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सिखा और न ही लोगों ने सीखा। हांलाकि इसयह कोई पहला हादसा नहीं है पिछले कई



**-नरेन्द्र भारती**



सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं। फ़रवरी 2024 को बद्दी की परफ्यूम फैक्ट्री में घटित हुआ जहाँ 35 लोग झूलस गए और एक महिला की मौत हो गई चार लोगों को पीजआई में भर्ती किया है द्य अभी भी 20 लोग लापता हैं सर्च ऑपरेशन जारी है फैक्ट्री के प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया है आगजनी के समय करीब 50 कामगार मौजूद थे 30 कामगारों ने ऊपरी मंजिल से कूद कर अपनी जान बचा ली इनमे तीन की रीढ़ की हड्डी टूट गई मलिक पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर लिया है इससे पहले भी बद्दी में काफ़ी अग्निकांड हो चुके हैं लेकिन सबक नहीं सीख रहे हैं सरकारों को इस हादसे से संज्ञान लेना चाहिए द्य2019 में राजघानी दिल्ली में रानी झांसी रोड़ पर ीस्थित अनाज मंडी में रविवार सुबह चार बजे आग लगने से 43 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा कई लोग घायल हो गए थे ।एडीआरएफ की टीम ने केवल 56 लोगों की जान बचा ली थी ।यह भीषण आग सुबह साढे चार बजे के करीब लगी थी।आग लगने का कारण शार्टसर्किट था । भारतीय दंड सहिंता की धारा 304 के अंर्तगत मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।यह मजदूर बिहार के समस्तीपुर के एक ही गांव के है।पलक झपकते ही अनाज मंडी शमशानघाट बन गई थी ।लाशों के ढेर लग गए थे ।चीखो पुकार मच गई थी ।मजदूर खाक ह गए थे । कैसी विडंबना है कि कभी सुरगों व उद्योगों में बेमौत मारे जा रहे हैं। मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है।2025 के 4 महिनों में उद्योगों में आग के काफी मामले घटित हुए है। देश में मजदूरों के साथ होने वाले हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।कारखानों में जल कर मजदूर मर रहे हैं।गत वर्ष भी एक ही दिन में दो हादसों में 19 मजदूर मारें गए थे जब राजधानी दिल्ली के बाहरी जिले में स्थित बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक पटाखें की फैक्टरी के गोदाम में भीषण आग लगनें के कारण 17 लोगों की मौत हो गई थी और तीस लोग बुरी तरह झुलस गए थे। मरने वालों में 10 महिलाएं तथा 7 पुरुष थी।मजदूरों ने सपने में भी नही सोचा होगा कि यह पटाखा गोदाम शमशान बन जाएगा ।पल भर में जिन्दा लोग राख में बदल गए यह बहुत ही त्रासदी है।लगभग तीन घंटे की मश्क्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका तब तक सब कुछ राख हो चुका था।आग के कारणो का पता नहीं चल पाया है।प्रशासन को चाहिए कि लापरवाही बरतने वालों को सजा दी जाए ताकि फिर एसे हादसे न हो सके।दूसरे हादसे में कानपुर में भी दो मजदूरों की मलबे में दबने से दर्दनाक मौत हो गई। एक दिन में ही 19 मजदूर मारे गए।यह बहुत ही दुखद है। ।बीते वर्ष में रायबरेली के उंचाहार में एटीपीसी संयत्र का बायलर फटने से 30 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा 100के लगभग घायल हो गए थे।500 मैगावाट इकाई के बायलर में यह हादसा हुआ था उस समय 200 कामगार मौजूद थे सरकारों ने मृतकों को मुआवजे की घोषणा करती है मगर मुआवजा इसका हल नहीं है।एक ऐसा ही हादसा जयपुर के पास खातोलाई गांव में घटित हुआ था जहां टाऊसफारमर फटने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। इन हादसों ने औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की सुरक्षा पर प्रशनचिन्ह लगा दिया है इन हादसों पर संज्ञान लेना होगा तथा मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होगें ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके। गत वर्ष जम्मू के उधमपूर से 80 किलोमीटर दूर रामबन जिले के चंद्रकोट में जम्मू-कश्मीर हाईवे पर टनल कर्मचारियों की बैरक में आग लगने से दस श्रमिक जिंदा जल गए थे। यह बैरक लोहे व फाईबर की बनी थी। यह बहुत ही दुखद हादसा था। आग लगने का कारण बिजली का शार्टसर्किट था।इस बैरक में 100 से अधिक लोग रहते थे। मगर छुट्टी होने के कारण आसपास के लोग अपने घरों को चले गए थे। गनीमत रही की यह अपने-अपने घरों को गए थे वरना मृतको की संख्या 100 के लगभग होती ।

## सुविचार

इस दुनिया में आजाद कौन है? वह व्यक्ति जो खुद पर नियंत्रण रखता है।


**-होरेस**

बड़ा सोचे, जल्दी सोचे, आगे सोचे विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है।

**-धीरूभाई अंबानी**

## प्रसंग

### दूरदृष्टि




बहुत दिनों की बात है हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी गाँव में एक बूढा रहता था, जो महामूर्ख के नाम से चर्चित था। उसके घर के सामने दो बड़े पहाड़ थे, जिससे आने जाने में असुविधा होती थी। पहाड़ के दूसरी ओर पहुँचने में कई दिन लग जाते। एक दिन उसने अपने दोनो बेटों को बुलाया और उनके हाथों में फावड़ा थमाकर दृढ़ता से दोनो पहाड़ों को काट कर उनके बीच रास्ता बनाना शुरू कर दिया। यह देखकर कसबे के लोगों नं मजाक उड़ाना शुरू कर दिया- तुम सचमुच महामूर्ख हो। इतने बड़े बड़े पहाड़ों को काटकर रास्ता बनाना तुम बाप बेटों के बस से बाहर है। बूढ़े ने उत्तर दिया- मेरी मृत्यु के बाद मेरे बेटे यह कार्य जारी रखेंगे। बेटों के बाद पोते और पोतों के बाद परपोते। इस तरह पीढ़ी दर पीढी पहाड़ काटने का सिलसिला जारी रहेगा। हालाँकि पहाड़ बड़े हैं लेकिन हमारे हौसलों और मनोबल से अधिक बड़े तो नहीं हो सकते। हम निरन्तर खोदते हुए एक न एक दिन रास्ता बना ही लेंगे। आने वाली पीढ़ियाँ आराम से उस रास्ते से पहाड़ के उस पार जा सकेंगी। उस बूढ़े की बात सुनकर लोग दंग रह गए कि जिसे वे महामूर्ख समझते थे उसने सफलता के मूलमन्त्र का रहस्य समझा दिया। गाँव वाले भी उत्साहित होकर पहाड़ काट कर रास्ता बनाने के उसके काम में जुट गए। कहना न होगा कि कुछ महीनों के परिश्रम के बाद वहाँ एक सुंदर सड़क बन गई और दूसरे शहर तक जाने का मार्ग सुगम हो गया। इसके लिये बूढ़े को भी दूसरी पीढ़ी प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ी। दृढ़ संकल्प, लगन, और कड़ी मेहनत के साथ-साथ सकारात्मक सोच रहे तो सफलता जल्दी ही प्राप्त हो जाती है।

**-रतनचंद जैन**

## जरा हटके

# बगैर साथी के अकेला भटक रहा है एक ब्लैक होल

**वाशिंगटन (ईएमएस)।** अंतरिक्ष में एक ब्लैक होल बिना किसी साथी के अकेला भटक रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह अद्भुत और हैरतअंगेज घटना पहली बार सामने आई है, जहां एक ब्लैक होल अपने अस्तित्व को साबित करने के लिए किसी साथी के बिना गुरुत्वीय माइक्रोलेंसिंग का सहारा लेता है। यह अकेला ब्लैक होल लगभग 4,958 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है और इसकी गति 51 किलोमीटर प्रति सेकंड है। इसका वजन करीब सात सूर्यों के बराबर है। आमतौर पर ब्लैक होल या तो किसी तारे के साथ होते हैं या फिर अन्य ब्लैक होल के साथ मिलकर गुरुत्वीय तरंगें उत्पन्न करते हैं। लेकिन इस ब्लैक होल ने अपने अस्तित्व का पता गुरुत्वीय माइक्रोलेंसिंग के द्वारा दिया। इसकी विशाल गुरुत्वाकर्षण शक्ति ने एक बैकग्राउंड स्टार की रोशनी



को मोड़ा और कुछ समय के लिए उस तारे की स्थिति को बदल दिया, जिससे वैज्ञानिकों को यह संकेत मिला कि वहां कुछ अदृश्य और बेहद शक्तिशाली मौजूद है। यह घटना 2011 में शुरू हुई, जब दो अलग-अलग सर्वे - ओग्ले और एमओए ने इस अजीब घटना को नोटिस किया। इसके बाद हबल स्पेस टेलीस्कोप ने छह साल तक इस पर नजर रखी और विभिन्न टेलीस्कोप से डेटा इकट्ठा किया। शुरुआती विश्लेषण में यह पाया गया कि यह वाकई एक अकेला ब्लैक होल है, जिसका वजन लगभग 7.1 सूर्यों के बराबर है और यह पृथ्वी से करीब 5153 प्रकाश वर्ष दूर है। 2022 में एक नई स्टडी आई, जिसमें इस ब्लैक होल का वजन 1.6 से 4.4 सूर्यों के बीच बताया गया था। इससे यह संभावना जताई गई कि यह कोई न्यूट्रॉन स्टार हो सकता है, लेकिन इस दावे ने वैज्ञानिकों को फिर से जांच करने पर मजबूर कर दिया। अब ताजा अध्ययन से सारी शंकाओं का समाधान हो गया है। इसके बाद यह पुष्टि हो गई कि यह वाकई एक अकेला ब्लैक होल है, जिसका वजन 7.15 सूर्यों के बराबर है और यह 4958 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। वैज्ञानिकों ने यह भी सुनिश्चित किया कि इस ब्लैक होल के आसपास कोई साथी नहीं है। उन्होंने 2000 खगोलीय इकाइयों की दूरी तक सर्च किया, लेकिन वहां कोई भी वस्तु नहीं मिली जो 0.2 सौर द्रव्यमान से बड़ी हो।

## फोटो ऑफ द डे



वियतनाम के ही मिनह शहर में फॉल ऑफ सेगोन की 50 वीं एनीवर्सरी पर परेड के लिए फ्लोटस नजर आ रहीं। (फोटो-ईएमएस)

## राज काज

### राहुल गांधी की सकारात्मक सोच

कांग्रेसा सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 29 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली और पूर्व संसदीय क्षेत्र अमेठी के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इससे पहले लखनऊ एयरपोर्ट पर राहुल का कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद राहुल रायबरेली पहुंचे और जिस तरह से उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और लोगों से मिले उससे संदेश गया कि वो सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाले नेता हैं न कि लकीर के फकीर बने रहने वाले। इसी सकारात्मकता के साथ राहुल गांधी ने रायबरेली के कुंदनगंज में मेगावॉट एटम सोलर रूफ प्लांट और एटम इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन भी किया।

### पाकिस्तान क्यों नहीं आ रहा बाज

भारत और पाकिस्तान के बीच जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद से तनाव बढ़ता ही जा रहा है। दरअसल पाकिस्तान आतंकवादियों पर कार्रवाई करने की जगह लगातार छठवें दिन भी नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सीजफायर का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी करता रहा है। यह अलग बात है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया है। बावजूद इसके पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है। यहां अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान से आपसी बातचीत से मसले का हल निकालने की अपील की है, लेकिन इससे क्या क्योंकि पाकिस्तान जानता है कि वह अपने पाले हुए आतंकियों के आगे खुद बोना साबित हो रहा है।

### अखिलेश के सवाल जवाब कौन देगा?

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार से गंभीर सवाल किए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने पोस्ट करते हुए पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था पर जहां चिंता जताई वहीं चार अहम सवाल भी कर दिए। इन सवालों के जरिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को भी घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कहा जा रहा है कि सांसद अखिलेश के सवाल खासे चुभने वाले हैं।

## व्यंग्य

# विरह में व्यंग्य

**-दीपक राज कुकरेजा भारतदीप**

बंदा उस दिन एक पार्क में घूम रहा था तो उसकी पुरानी प्रेमिका सामने आकर खड़ी हो गई। पहले तो उसने उसे पहचाना ही नहीं क्योंकि वह अब खाते-पीते घर की लग रही थी और जब वह उसके साथ तथाकथित प्यार (जिसे अलग होते समय प्रेमिका ने दोस्ती कहा था) करता था तब वह दुबली पतली थी। बंदे ने जब उसे पहचाना तो सोच में पड़ गया इससे पहले वह कुछ बोलता उसने कहा, क्या बात है पहचान नहीं रहे हो? किसी चिंता में पड़े हुए हो। क्या घर पर झगड़ा कर आए हो? नहीं! कुछ लिखने की सोच रहा हूँ। बंदे ने कहा। मुझे पता है कि तुम ब्लॉग पर लिखते हो। उस दिन तुम्हारी पत्नी से भेंट एक महिला सम्मेलन में हुई थी तब उसने बताया था। मुझे भी ब्लॉगिंग सिखा दो ना, आजकल भारत में ब्लॉगिंग की बहुत धूम है जिसको देखो वही ब्लॉगिंग कर रहा है। जो महिला खुद ब्लॉगिंग नहीं करती वह अपने ब्लॉगर पति का रौब झाड़ती है। मैंने उसे नहीं बताया कि हम दोनों एक दूसरे को जानते है। वह चहकते हुए बोली, क्या लिखते हो? मेरी विरह में कविताएँ न! यकीनन बहुत हिट होतीं होंगी।

बंदे ने सहमते हुए कहा, नहीं विरह की कविताएँ तुम्हारी याद में नहीं लिखता वे तो वैसे ही फ्लॉप हो जातीं हैं। वे कविताएँ मैं अपनी दूसरी प्रेमिका की याद में लिखता हूँ। धोखेबाज़! मेरे बाद दूसरी से भी प्यार किया था। अच्छा कौन थी वह? वह मुझसे अधिक सुंदर थी। उसने घूरकर पूछा। हाँ हाँ। वह तुमसे अधिक खूबसूरत थी, और इस समय भी अधिक ही होगी। वह अब मेरी पत्नी है। बंदे ने धीरे से उत्तर दिया। प्रेमिका हँसी, पर तुम्हारा तो उससे मिलन हो गया न! फिर उसकी विरह में क्यों लिखते हो? पहले प्रेमिका थी, और अब पत्नी बन गई तो प्रेम में विरह तो हुआ न! बंदे ने कहा। पुरानी प्रेमिका ने पूछा, अच्छा! मेरे विरह में क्या लिखते हो? हास्य कविताएँ और व्यंग्य लिखता हूँ। बंदे ने डरते हुए कहा, लेकिन तुम्हें खुश होना चाहिए कि वे हिट हो जाती है।

हिटें हो या पिटें, मुझे कोई मतलब नहीं। वह गुस्से में बोली, मुझे पर हास्य लिखते हो। तुम्हें शर्म नहीं आती। अच्छा हुआ तुमसे शादी नहीं की। वरना तुम तो मेरे को बदनाम कर देते। आज तो मेरा मूड खराब हो गया। इतने सालों बाद तुमसे मिली तो खुशी हुई पर तुमने मुझ पर हास्य कविताएँ लिखीं। ऐसा क्या हास्यास्पद है मुझमें जो तुम यह सब लिखते हो?

बंदा सहमते हुए बोला, ÷मैंने देखा एक दिन तुम्हारे पति का उस कार के शोरूम पर झगड़ा हो रहा था जहाँ से उसने वह खरीदी थी। कार का दरवाज़ा टूटा हुआ था और तुम्हारा पति उससे झगड़ा कर रहा था। मालिक उसे कह रहा था कि साहब। कार बेचते समय ही मैंने आपको बताया था कि दरवाज़े की साइज़ क्या है और आपने इसमें इससे अधिक वज़न वाले किसी हाथी को बिठाया है जिससे उसके निकलने पर यह टूट गया है और हम इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं। तुम्हारा पति कह रहा था कि उसमें तो केवल हम पति-पत्नी ने ही सवारी की है, तुम्हारे पति की कमर देखकर मैं समझ गया कि...वहाँ मुझे हँसी आ गई और हास्य कविता निकल पड़ी। तब से लेकर अब जब तुम्हारी याद आती है तब हास्य रस की रचना हो जाती है...अब मैं और क्या कहूँ?

वह बिफर गई और बोली, तुमने मेरा मूड़ खराब किया। मेरा ब्लड प्रेशर वैसे ही बढ़ा रहता है।

## चिंतन-मनन

# विनम्रता का पाठ

पंडित विद्याभूषण बहुत बड़े विद्वान थे। दूर-दूर तक उनकी चर्चा होती थी। उनके पड़ोस में एक अशिक्षित व्यक्ति रहते थे-रामसेवक। वे अत्यंत सज्जन थे और लोगों की खूब मदद किया करते थे। पंडित जी रामसेवक को ज्यादा महत्व नहीं देते थे और उनसे दूर ही रहते थे। एक दिन पंडित जी अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी एक राहगीर उधर आया और मोहल्ले के एक दुकानदार से पूछने लगा-भाई यह बताओ कि पंडित विद्याभूषण जी का मकान कौन सा है। यह सुनकर पंडित जी की उत्सुकता बढ़ी। वह सोचने लगे कि आखिर यह कौन है जो उनके घर का पता पूछ रहा है। तभी दुकानदार ने उस राहगीर से कहा-मुझे तो किसी पंडित जी के बारे में नहीं मालूम। तब राहगीर ने कहा-क्या रामसेवक जी का घर जानते हो? दुकानदार ने हंसकर कहा-अरे भाई उन्हें कौन नहीं जानता। वे बड़े भले आदमी हैं। फिर उसने हाथ दिखाकर कहा- वो रहा रामसेवक जी का घर। फिर दुकानदार ने राहगीर से सवाल किया-लेकिन आपको काम किससे है? पंडित जी से या रामसेवक जी से? राहगीर कहने लगा-भाई काम तो मुझे रामसेवक जी से है। पर उन्होंने ही बताया था कि उनका मकान पंडित विद्याभूषण जी के पास है। यह सुनकर पंडित जी ग्लानि से भर उठे।

## रोचक

# नियमित रूप से किताब पढ़ने से याददाश्त होती है तेज

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** नियमित रूप से किताब पढ़ने की आदत न सिर्फ याददाश्त को तेज बनाती है, बल्कि मानसिक विकारों के खतरे को भी कम करती है। किताब पढ़ना दरअसल दिमाग के लिए एक एक्सरसाइज जैसा होता है। जब आप पढ़ते हैं, तो आपका दिमाग विचारों, तथ्यों और कल्पनाओं को प्रोसेस करता है। इससे ब्रेन की एक्टिविटी बढ़ती है और उसकी कार्यक्षमता बेहतर होती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रोजाना सिर्फ 1 से 2 घंटे पढ़ने से मेंटल फ्लेक्सिबिलिटी में सुधार होता है और अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा घट जाता है। इसके अलावा, जब कोई उपन्यास या कहानी पढ़ते हैं, तो हम किरदारों की भावनाओं और सोच को समझने लगते हैं। इससे हमारी सहानुभूति की भावना विकसित होती है और दूसरों के प्रति व्यवहार में संवेदनशीलता आती है। पढ़ने की आदत सामाजिक रिश्तों में भी सुधार लाती है और हमें एक बेहतर श्रोता और वक्ता बनाती है। शब्दावली में विस्तार होता है, और लिखने की कला में भी निखार आता है। एक और चौंकाने वाली बात यह है कि किताब पढ़ना तनाव को कम करता है और नींद की गुणवत्ता में सुधार लाता है। मोबाइल या टीवी की स्क्रीन की बजाय अगर आप सोने से पहले किताब पढ़ें, तो यह शरीर और दिमाग को शांति देता है। इससे अच्छी और गहरी नींद आती है।

## कांग्रेस के महाधिवेशन में देवास के प्रतिनिधियों को मिला दायित्व

**देवास।** मप्र राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) का महा अधिवेशन विगत दिनों ग्वालियर में प्रदेशाध्यक्ष श्याम सुंदर यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें मध्य प्रदेश राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) कार्यकारिणी में देवास प्रतिनिधियों को विशेष दायित्व दिया गया। साथ ही मप्र राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

## क्षतिग्रस्त कक्षों के स्थान पर नवीन कक्षों के निर्माण की मांग

**देवास।** शासकीय माध्यमिक शाला बिलावली के क्षतिग्रस्त कक्षों के स्थान पर दो नवीन कक्ष का निर्माण किए जाने की मांग सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमनगर पार्ट 2 निवासी गोपाल अग्रवाल ने कलेक्टर से की है। श्री अग्रवाल ने बताया कि बिलावली में स्थित शामा विद्यालय में निर्मित दो कक्ष काफी जर्जर स्थिति में है। शीघ्र नवीन कक्षों का निर्माण नही हुआ कभी भी बडी दुर्घटना हो सकती है। दीवारों व क्षतों का प्लास्टर हर कभी नीचे गिर जाता है। ऐसे में स्कूली बच्चे घायल हो सकते है।

### फटाफट खबरें

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया

**खरगोन।** सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विठोबा कुंज में मनाया गया। विद्वान पंडित योगेश ठक्कर द्वारा वैदिक विधि.विधान से संपन्न कराया। पूजन के बाद महाआरती की गई तथा प्रसादी का वितरण हुआ। समाज के उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठक्कर, अनिल ठक्कर, राजू ठक्कर ने कहा कि भगवान परशुरामजी केवल ब्राह्मणों के नहीं बल्कि समस्त मानव समाज के लिए आदर्श हैं। सचिव जयंत ठक्कर ने कहा कि भगवान परशुराम जी की जीवन गाथा हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देती है। इस दौरान युवा इकाई अध्यक्ष नीरज ठक्कर,महिला अध्यक्ष रेखा ठक्कर, शोभा ठक्कर, वर्षा ठक्कर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## 4 बैलों के साथ 3 गिरफ्तार

**खरगोन।** गौवंश परिवहन के बाद अब गौवंश चोरी के मामले भी सामने आ रहे है। पुलिस ने खलटांका क्षेत्र में चोरी हुए 4 गौवंश बरामद कर मामले में 3 चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारशुदा आरोपी आदतन अपराधी, होकर उनके विरुद्ध पूर्व में भी प्रकरण पंजीबद्ध है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम खडकवानी के रुबाब ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7 व 8 अप्रैल की दरमियानी रात उसके खेती किसानी के काम के दो जोड़ी कुल 04 बैलो को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। बैल तलाई मोहल्ला विक्रम के घर के पीछे खेत में ग्राम में बांधे थे। रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशो के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने कार्रवाही की।

## सकल हिंदू समाज ने सौंपा ज्ञापन

**अशोकनगर।** मंगलवार रात को अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुराने बस स्टैंड पर पार्क में लगी हुई प्रतिमा के साथ छेड़खानी की गई, असामाजिक तत्वों द्वारा स्याही डालकर समाज को लड़ाने का षड्यंत्र रचा गया। इसके विरोध में बुधवार को सकल हिंदू समाज जिला अशोकनगर द्वारा कलेक्टर को आरोपियों की गिरफ्तारी एवं कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। संगठन की अगुवाई कर रहे डॉक्टर दीपक मिश्रा ने बताया कि बीती रात जो दुखद घटना हुई है, वह घोर निंदनीय है, ऐसे असामाजिक तत्व जो किसी भी समुदाय के हों किसी भी समाज और किसी भी संगठन के हों इनको पहचान कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाए, जिससे जिले की शांति व्यवस्था बनी रहे, निश्चित रूप से यह राष्ट्र विरोधी समाज विरोधी तत्व हैं, जो समाज के सद्भाव को बिगाड़ना चाहते हैं।

### गुणवत्ता हीन निर्माण के कारण सालभर भी नहीं टिका तालाब, पूरी तरह क्षतिग्रस्त

# ग्राम पंचायत मेंहमूदा में अमृत सरोवर के नाम पर हुआ लाखों का भ्रष्टाचार

**अशोकनगर, ईएमएस।**

जिले में केंद्र सरकार की अति महत्वाकांछी योजनाओं में शुमार अमृत सरोवर योजना पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। भ्रष्टाचार का आलम यह है की सरोवर निर्माण के नाम पर पंचायतो ने घटिया निर्माण कराकर सिर्फ ढांचा खड़ा किया गया है जो साल भर भी नहीं टिक पाया वहीं सरकारी दस्तावेजों में कार्य पूर्ण दर्शाकर लाखों रुपये का बंदरबांट कर लिया। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत मेहमूदा में सामने आया है।

बुधवार को जब एक्सप्रेस न्यूज की टीम द्वारा जनपद पंचायत अशोकनगर अन्तर्गत ग्राम पंचायत मेंहमूदा में पहुंचकर निर्माण कार्यो को देखा तो भारी भ्रष्टाचार सामने आया है। ग्राम पंचायत अन्तर्गत ग्राम बेहटा में करीब 14 लाख की लागत से बना अमृत सरोवर तालाब पहली ही बारिश में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिस जगह तालाब का निर्माण कराया गया था वहा वर्तमान की स्थिति में देखा जाये तो कुछ अवशेष ही नजर आते हैं, जो भ्रष्टाचार की





कहानी अपने आप बयां कर रहा है। इसी तरह गांव में शंकर जी के मंदिर के पास बनने वाले शांति धाम का निर्माण का तो कोई अता-पता ही नहीं है। शांति धाम का निर्माण केवल कागजो में हुआ है और राशि निकाल कर हड़प ली गई। पंचायत में पानी की समस्या विकराल रूप धारण किए है, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में पानी की विकट समस्या है और उन्हें करीब दो-तीन किलोमीटर दूर स्थित फार्म हाउस से पानी ढोकर लाना पड़ता है। ग्राम खानपुर की आदिवासी महिला गीता बाई ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास कल आप नहीं मिला उन्होंने बहुत पहले अपने कागज दे दिए थे, पंचायत रोजगार सहायक रामबाबू यादव से भी बोला, लेकिन वह सुनकर रह जाते हैं। महिला ने बताया कि पंचायत द्वारा यहां शांति धाम का निर्माण नहीं कराया गया। गांव के लोग ऐसे ही किसी जगह पर शवों का अंतिम संस्कार कर लेते हैं। गांव में पानी की समस्या है, करीब दो-तीन किलोमीटर दूर स्थित सरपंच के फार्म हाउस पर लगे नल से पानी ढोकर लाते हैं। खानपुर के ही मुनेश आदिवासी ने बताया कि गांव में बहुत सी समस्याएं हैं, यहां पानी की बड़ी समस्या है, दो-तीन किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है। इसके अलावा शांति धाम नहीं बना है, ऐसे ही किसी भी जगह गांव में शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है। खानपुर के ही मुंशी ने बताया कि शांति धाम का निर्माण नहीं हुआ है। नाले के पास कुएं का निर्माण भी नहीं हुआ, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हमें नहीं मिला। राशन की पर्ची है नहीं तो राशन कहां से मिले। वहीं खानपुर के बृजेश आदिवासी ने बताया कि गांव में पानी की बहुत समस्या है, सरपंच, सचिव सुनते नहीं है, कहते हैं जो तुम्हें दिखे सो करो, पिछले साल लाइन डाली गई थी, दो-तीन माह से पानी चालू नहीं है। बहुत दूर से दो-तीन किलोमीटर से पानी लाना पड़ता है।

**इनका कहना:**

करीब 14 लाख रुपए की लागत से अमृत सरोवर तालाब बनवाया था, इस बार बरसात में पूरा क्षतिग्रस्त हो गया। बढ़िया बनवाया था, क्या पता क्या हुआ, पानी %यादा आ गया होगा, किसी गांव वाले के द्वारा तोड़ा गया है। इसकी वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत नहीं की। हमने आंखों से नहीं देखा किसने तोड़ा है, बाद में जानकारी मिली, खानपुर में स्थल विवाद था, इस कारण शांति धाम नहीं बन पा रहा है, टीएस करवाई है।

**रामबाबू यादव,**
**ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत मेंहमूदा जनपद अशोकनगर**




# नगर पालिका से सेवानिवृत कर्मचारियों का किया सम्मान

**नर्मदापुरम (ईएमएस)।** नगरपालिका कार्यालय से मंगलवार शाम तीन कर्मचारी एआरआई भूपेंद्र तोमर, सुरेश केवट और भोलाराम सेवानिवृत्ति हो गए। सेवानिवृत्ति समारोह के दौरान कर्मचारियों को पुष्पमाला से स्वागत कर साथी कर्मचारियों ने दीर्घायु और उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में नपाध्यक्ष नीतू यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव द्वारा उनको उपहार दिए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए करते हुए नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि नगरपालिका हमेशा से ही कर्मचारियों के हितों की रक्षा करती आ रही है। कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए समय समय पर उन पर ध्यान दिया जाता है। आप सभी आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं आगे का जीवन अपने परिवार के साथ सुखदपूर्वक बिताएं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने संबोधित करते हुए कहा कि आप नगरपालिका से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जब भी आपकी सेवाओं की जरूरत होगी तब नगरपालिका प्रशासन द्वारा आपकी सेवाएं ली जाएंगी। नगरपालिका प्रशासन उज्जवल भविष्य की कामना करता है। आप अपने परिवार के साथ सुखमय जीवन व्यतीत करें।

विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव ने कहा कि जब से नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव ने पदभार ग्रहण किया है तब से कर्मचारी हितैषी कार्य किए जा रहे हैं। उनके पदभार ग्रहण करते ही जो भी कर्मचारियों को समस्या थी उनका निराकरण प्राथमिकता से किया गया है। कर्मचारियों को हरसंभव मदद करने हेतु तैयार रहते हैं।

### अक्षय तृतीया पर प्रशासन की कार्रवाई

# चार नाबालिग जोड़ों की शादी रोकी दस्तावेजों की चेकिंग में खुलासा

**अशोकनगर, ईएमएस।**

अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रशासन ने बाल विवाह रोकने की सफल कार्रवाई की। श्री सिद्ध आश्रम आमखेड़ा तूमैन में आयोजित सामूहिक विवाह में 12 जोड़ों में से 3 नाबालिग जोड़ों की शादी रोकी गई।

जिला कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में गठित बाल विवाह रोको अभियान की टीमों ने सभी विवाह स्थलों का निरीक्षण किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेना भिड़े, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाह और अन्य अधिकारियों ने दस्तावेजों की जांच की। परियोजना अधिकारी जितेंद्र तिवारी, इंस्पेक्टर पूनम सेलर और पर्यवेक्षकों की टीम ने दस्तावेजों के परीक्षण में नाबालिग पाए गए तीन जोड़ों को समझाइश देकर विवाह से रोका। श्री सिद्ध आश्रम में 9 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। टीम ने ग्रामीणों को बताया कि विवाह की कानूनी आयु लड़कों के लिए 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष है। उन्होंने समझाया कि इस उम्र से पहले ब%चे शारीरिक और मानसिक रूप से विवाह के लिए परिपक्व नहीं होते। इसी दौरान एक अन्य टीम ने जुग्या गांव में हो रहे एक बाल विवाह को भी रोका। परियोजना अधिकारी जितेंद्र तिवारी और टीम ने परिजनों को समझाया और पंचनामा बनाया। गायत्री मंदिर अशोकनगर में हो रहे विवाहों की भी जांच की गई, जहां सभी दस्तावेज सही पाए गए।

## अक्षय तृतीया पर गूंजी शहनाई

**खरगोन।** अक्षय तृतीया पर बुधवार को दिनभर शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में चहल- पहल बनी रही। इस दिन खरीदी के साथ ही मांगलिक कार्यक्रमों के लिए अबुझ मुहूर्त होने से सैंकड़ों की संख्या में शादियां हुई। शहर के आनंद नगर स्थित कपास मंडी, ग्राम सोनतलाव और ग्राम मेहरजा में भी सामुहिक विवाह हुए। जहां विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत 49 हजार रुपए के चेक वर.वधु को प्रदान करते हुए उनके सुखद एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, श्रीमती नंदा ब्राह्मणे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन आयोजित

**अशोकनगर, ईएमएस।**

तहसील मुंगावली स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर उपहार भेंट किये। इस समारोह में कुल 108 जोड़ों ने अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत की, जिसमें से 89 जोड़ों ने हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह किया जबकि 19 जोड़ों के निकाह मुस्लिम परंपराओं के अनुसार सम्पन्न हुए। यह आयोजन सामाजिक समरसता, एकता और सहयोग की उत्कृष्ट मिसाल बना। कार्यक्रम में पारंपरिक व आधुनिक व्यवस्थाओं का सुंदर समन्वय देखने को मिला। विधायक श्री यादव ने सभी नवविवाहित जोड़ों को अपने हाथों से उपहार



स्वरूप साड़ी भेंट की, जिसे सभी ने प्यार और आशीर्वाद की सौगात के रूप में स्वीकार किया। इस अवसर पर विधायक बृजेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान करती है। साथ ही बेटियों के विवाह को एक गरिमापूर्ण अवसर बनाती है। विवाह सम्मेलन का उद्देश्य न केवल सामूहिक विवाह की परंपरा को बढ़ावा देना था, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करना था। इस आयोजन में विवाह योग्य जोड़ों की विधिवत पंजीयन, और विवाह प्रमाणपत्र की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी।

# गांव के ही युवकों ने चुराया था ट्रेक्टर, 4 गिरफ्तार

**खरगोन,ईएमएस।** पुलिस ने 21 अप्रैल को छोटी खरगोन से चोरी हुए ट्रेक्टर मामले में गांव ही चार युवको को गिरफ्तार किया है। इन पर पूर्व में भी बाईक चोरी का आरोप है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पाटीदार मोहल्ला ग्राम छोटी निवासी फरियादी ने थाना मंडलेश्वर पर रिपोर्ट की थी कि ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 10 ए 0128 को पाटीदार धर्मशाला के सामने बने खले से अज्ञात बदमाशो ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरु की। इस मामले में गांव ही रहने वाले हिमांशु पिता इंदरसिंह चौहान, संदीप पिता बापूसिंह चौहान, यीशु पिता सरदार भूरिया, सचिन पिता मानसिंह दूधलेए को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया। थाने लाकर



पृथक.पृथक मनोवैज्ञानिक तरीके व बारीकी से पूछताछ की गई, जिसमे उन्होंने उक्त चोरी की घटना को कारित करना स्वीकार किया।


आरोपियों ने पूर्व में भी महेश्वर व मंडलेश्वर क्षेत्र से 04 बाईकें चोरी कर पवन पिता रेवाराम करोल को बेचना कबूल किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया ट्रैक्टर व चोरी में उपयोग की गई स्कूटी के साथ ही चोरी की 4 बाईकें बरामद कि है।

# गजेंद्र उपाध्याय को सनावद नपा में नेता प्रतिपक्ष पद से हटाया

**खरगोन।** कांग्रेस के राष्ट्रीय चुनाव चिन्ह हाथ के पंजे वाले पत्रक पर हस्ताक्षर करना सनावद के भाजपा पार्षद एवं नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष गजेंद्र उपाध्याय को भारी पड़ गया है। भाजपा ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए उपाध्याय को नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष के पद से मुक्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों कांग्रेसनीत सनावद नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष सुनीता बिर्ला ने कांग्रेस के राष्ट्रीय चुनाव चिन्ह हाथ के पंजे वाले पत्रक पर सीएमओ की कार्यशैली की शिकायत खरगोन जिला कलेक्टर को प्रेषित की थी। सीएमओ के विरुद्ध की गई शिकायत पर कांग्रेस पार्षदों के साथ भाजपा पार्षद एवं नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष उपाध्याय ने भी हस्ताक्षर किए थे। इसकी शिकायत भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राम्हणे को की गई थी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राम्हणे ने कांग्रेस के राष्ट्रीय चुनाव चिन्ह हाथ के पंजे वाले पत्रक पर भाजपा पार्षद एवं नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष उपाध्याय के द्वारा किए गए हस्ताक्षर को अनुशासनहीनता की परिधि में मानते हुए उपाध्याय को तत्काल प्रभाव से नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष के पद से मुक्त कर दिया है।

# नारी शक्ति ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

**सिवनीमालवा(ईएमएस)।** सर्व विप्र नारी शक्ति संस्था सिवनीमालवा के द्वारा भगवान श्री परशुराम जी के प्रकट दिवस के शुभ अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम राम जानकी मंदिर में किया गया। जिसमें प्रथम दिवस आसान माई सुहाग पूजा कर सभी को सुहाग सामग्री और प्रसाद वितरण किया गया । दूसरे दिन संगीत मय सुदंर काण्ड किया। जिसमें छोटे-छोटे बालक बालिकाओं ने भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान भगवान, परशुराम, पंडित जी, राधा-कृष्ण बनकर सभी का मनमोह लिया।



इस अवसर पर विप्र नारी शक्ति संस्था कि नगरध्यक्ष ऊषा उदासी, मनिषा भारद्वाज, अर्चना मिश्रा,अनिता अवस्थी, मिनी व्यास, आशा मिश्रा, कविता दुबे, प्रतिक्षा पुरोहित, मेघा उपाध्याय, सुदिक्षा अवस्थी पूनम पालिवाल, रेखा पारिक, नीरा तिवारी, प्रियंका दीवान, सुनीता शर्मा, जंयती शर्मा, ऊषा शर्मा, अनिता शर्मा, पूजा तिवारी, राधा दुबे सीमा उपाध्याय, तृप्ति उपाध्याय,आरती व्यास, निर्मला दुबे सहित बहुत अधिक संख्या मे विप्र बहनें उपस्थित रहीं। सभी ने संगीत में सुंदर पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ भी किया। इस दौरान बहुत ही भव्य आयोजन कर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया ।

### महिलाओं की भी रही विशेष भागीदारी, जगह-जगह हुआ स्वागत

# भगवान परशुराम जयंती पर शहर में निकली शोभायात्रा

**अशोकनगर, ईएमएस।**

शहर में परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगेश्री चौराहा स्थित परशुराम मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

बुधवार को परशुराम मंदिर से सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा बैंडबाजों के साथ भगवान श्री परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान श्री परशुराम जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा और शीतल पेयजल से स्वागत किया गया। युवाओं में इस चल समारोह के दौरान खासा उत्साह देखा गया। विशेष बात यह रही कि महिलाओं की सहभागिता भी बड़ी





संख्या में देखने को मिली, जिन्होंने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से आयोजन में भाग लिया।

शोभायात्रा शहर की परशुराम मंदिर से शुरू हुई, जिसके बाद नगेश्री चौराहा, अंबेडकर भवन, सुराना चौराहा, इंदिरा पार्क, गांधी पार्क होते हुए पुराने बाजार के रोड से वापस परशुराम धर्मशाला पहुंचे, जहां पर शोभायात्रा का समापन हुआ। इस दौरान भगवान परशुराम प्रतिमा रखकर, आकर्षक झांकी सजाई गई। यात्रा में सर्व ब्राह्मण समाज धर्मावलंबियों ने बढ़े उत्साह और श्रद्धा पूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड चल रहा था, जिसकी धार्मिक धुनों पर युवा नृत्य करते हुए चल रहे थे। इसके पीछे समाज के वरिष्ठ व बुजुर्ग एवं भगवान परशुराम जी की झांकी और विमान चल रहा था। शोभायात्रा में महिलाएं मंगलगीत गाती हुई चल रहीं थीं। यात्रा में शामिल श्रद्धालु धार्मिक भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में सर्वधर्म सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने चल समारोह में सम्मिलित श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय के स्टॉल लगाए गए।

# विहिप ने जिला चिकित्सालय में दान किए कूलर

### हर वार्ड और स्टॉफ रुम में मिलेगी कूलर की हवा

**खरगोन,ईएमएस।** भीषण गर्मी के बीच मरीजों को तपन से राहत दिलाने के उद्देश्य से बुधवार को विश्व हिंदू परिषद सेवा भारती ने अस्पताल प्रबंधन को 9 जंबो कुलर उपलब्ध कराए है, जिसका मरीज उपयोग कर गर्मी से राहत पा सकेंगे। जिला अस्पताल में समारोहपूर्वक कुलर अस्पताल प्रबंधन को दान किए गए।

इस दौरान विहिप विभाग संगठन मंत्री अतिशय जोशी ने कहा कि शास्त्रों में अक्षय तृतीया को साल के सबसे शुभ और पुण्यतिथि में से एक माना गया है, इसलिए इस दिन की गई पूजा, हवन, दान, नए काम की शुरुआत को बेहद शुभ माना गया। जिला मंत्री विवेक सिंह तोमर ने बताया कि निमाड़ की भीषण गर्मी में मरीजों को शीतलता



प्रदान करने के दृष्टिकोण से 9 कुलर भेट किए। सिविल सर्जन डॉ. डीएस चौहान ने कहा कि अस्पताल को लगातार दानदाताओं का सहयोग मिल रहा है। इससे मरीजों को भी राहत मिलेगी।

**सफाईकर्मी सोलंकी के परिवार को दी सांत्वना**

इसके बाद विहिप टोली ने गत दिनों सड़क हादसे के शिकार हुए सफाईकर्मी राजेश सोलंकी के घर पहुंचकर परिवार के बीच शोक संवेदना व्यक्त की। सोलंकी की तीन बिटिया में से एक बिटिया की ताउम्र शिक्षा का खर्च विहिप जिला इकाई द्वारा उठाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभाग मंत्री मनोज वर्मा, कोषाध्यक्ष राजू सोनी, अमित अवस्थी, उपाध्यक्ष मुकेश, सौरभ धामंडे आदि उपस्थित थे।

### नर्मदा -क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना से स्थाई अनुबंध हो: पं. त्रिपाठी

**देवास।** नर्मदा जल के लिए नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण से चर्चा हेतु देवास विधायक, महापौर एवं निगम अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से भेंट की। पं. रितेश त्रिपाठी ने बताया कि देर आए दुरुस्त आए की कहावत सिद्ध हुई। अभी भी समय है नर्मदा जल के लिए नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना से स्थाई अनुबंध किया जाए। हमारे द्वारा 2019 से जो मांग हम देवास शहर की भविष्य की 40 वर्ष की आबादी 72 गांव देवास विधानसभा के लिए नर्मदा पेयजल की मांग की गई थी।

### सत्य घटना पर क्राइम फाइल्स विश्वासघात एपिसोड का विमोचन

**देवास।** सत्य घटना पर आधारित लोकप्रिय धारावाहिक देवास क्राइम फाइल्स के बहुप्रतीक्षित एपिसोड विश्वासघात का विमोचन सेंट्रल इंडिया अकादमी में एड. दीपक नाइक, अतुल पड्या, विजय राठौड़, समाजसेवी गंगा सिंह सोलंकी, जितेंद्र वर्मा, अभिषेक गोस्वामी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

## फटाफट खबरें

### विजयवर्गीय के जन्मदिवस पर मरीजों को फल वितरण

**मैहर।** मध्यप्रदेश शासन के शहरी नगरीय, आवास एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को सिविल अस्पताल मैहर में मरीजों को लड्डू बिस्किट एवं फल वितरण का किया गया। सभी ने मरीजों को फल इत्यादि वितरित करते हुए कैलाश विजयवर्गीय के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन के लिए कामना की गई। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, सभापति अशोक चौबे, अनिल बढ़ोलिया आदि उपस्थित रहे।

### एक शाम खाटू वाले के नाम का आयोजन होगा

**देवास।** महाश्री परिवार के तत्वावधान में एक शाम खाटू वाले के नाम का आयोजन होने जा रहा है। संस्था संयोजक अर्जुन चौधरी एवं अध्यक्ष पंकज चौधरी (राजू) ने बताया कि श्रीमंत महाराज विक्रम सिंह पवार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भव्य भजन संध्या का आयोजन मृदुल विहार में होने जा रहा है। 1 मई को रात्रि 8 बजे शुरू होने वाली भजन संध्या में राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रेमशंकर जाट एवं इंदौर भजन गायिका जिया परमार द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। बाबा श्याम का श्री श्याम सलोना दरबार अजय वर्मा द्वारा सजाया जाएगा। बाबा की पवित्र ज्योत प्रज्जवलित होगी। सुमधुर भजनों के दौरान इत्र की वर्षा होगी।

### मुख्यमंत्री कन्यादान सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

**देवास।** ग्राम पंचायत ऊपड़ी के ग्राम सीलाखेडी में मुख्यमंत्री कन्यादान सर्वजाति सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में 9 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सादगी पूर्व सम्पन्न हुए इस समारोह में वर-वधू के साथ परिजनों लिए सुगम व्यवस्था रखी गई थी। समारोह के मुख्य अतिथि प्रमोद डोगलिया लोकसभा अध्यक्ष सर्व समाज जनसेवक संगठन, विशेष अतिथि रामकला मुकेश पटेल अध्यक्ष जनपद पंचायत देवास एवं भारत सिंह पटलावदा पूर्व उपाध्यक्ष कृषि उपज मंडी समिति थे। अध्यक्षता अतुल शर्मा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष देवास ने की। सभी अतिथियों ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए प्रमाण पत्र सौंपे।

### मध्य भारत ने असम को 14-08 से हराकर कांस्य पदक प्राप्त किया

**देवास।** छठवी सब जूनियर राष्ट्रीय मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता 26 से 28 अप्रेल तक झारखंड के रांची में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में मध्य भारत टीम वि/स आसाम के विरुद्ध मैच मे मध्य भारत टीम ने असम को 14-08 से हरा कर ब्रोंज मार्डल प्राप्त किया। इस अवसर पर खेल गुरु राधेश्याम सोलंकी, मध्य भारत मिक्स्ड नेटबॉल अध्यक्ष हरजीत सिंह सलूजा, सरस्वती विद्या मंदिर विजय नगर के प्राचार्य महेंद्र सिंह सिसोदिया, प्रवीण सांगते, यशवंत

### 3 लाख रोजगार होंगे सृजित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# कपास उत्पादक किसानों को मिलेगा पीएम मित्र पार्क से लाभ

**भोपाल, ईएमएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान), और नारी सशक्तिकरण के लिए 4 मिशन लॉन्च किए हैं। हितग्राहियों को कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र से राज्य सरकार प्रदेश को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। युवाओं को रोजगार, लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता, गरीब जरूरतमंदों के निश्शुल्क उपचार की व्यवस्था है। जनजातीय क्षेत्रों सहित प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं का जाल बिछाया है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचाकर प्रदेश के सिंचित रकबे को 55 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 1 लाख हेक्टेयर करना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसके लिए केन-बेतवा लिंक और पार्वती-चंबल-कालीसिंध लिंक परियोजनाओं की



शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि धार को पीएम मित्र पार्क की सौगात केन्द्र से मिली है। यहां 2100 करोड़ से औद्योगिक पार्क आकार लेगा और लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। धार अंचल के किसान कपास की खेती करेंगे तो उन्हें भी अधिक लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार के उमरबन में आयोजित सामूहिक विवाह एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य श्री सुमेर सिंह सोलंकी, विधायक श्री हीरालाल अलावा, विधायक श्री कालू सिंह ठाकुर ,श्रीमती रंजना बघेल, श्री चंचल पाटीदार, श्री सरदार सिंह सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उमरबन में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे 2123 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि आज उमरबन की धरती से प्रदेश को कई सौगातें मिली हैं। कन्या विवाह योजना में बेटियों को प्रावधान के अनुसार 49 हजार का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन में कल्याणी विवाह और अन्तर्जातीय विवाह करने पर राज्य सरकार की ओर से 2-2 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विवाह में गैर-जरूरी खर्च से बचा जाए और यह राशि परिवार और बच्चों की पढ़ाई जैसे जरूरी कार्यों पर खर्च किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बहनों का भाई गरीब से गरीब की बेटी का विवाह कराएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में प्रदेश के 27 हजार से अधिक संबल हितग्राहियों को 600 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संबल योजना से जुड़ने वाले सभी परिवारों को मुश्किल समय में सहायता प्रदान करती है। पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड योजना का भी लाभ मिल रहा है। हितग्राहियों का 5 लाख रुपए तक का इलाज फ्री है। हमारी सरकार ने सभी आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निश्शुल्क एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में संकट या कोई कष्ट आएगा तो सरकार हर संभव सहायता करेगी।

### सबका सार तत्व एक है 'प्रेम'... रामललाचार्य

**मैहर।** मानसपीठ खजुरीताल पाटोत्सव के विश्राम दिवस में जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं इस कार्यक्रम की पूर्णता का श्रेय प्राथमिक रूप से श्रीसीता राम जी महाराज और खजुरीनाथ सरकार को देता हूं। इस कार्यक्रम में जितने भी लोगों ने जिस भी रूप में सहयोग किया मैं उन सबका आभार प्रकट करता हूं। ऐसे कार्यक्रम ठाकुर जी और गुरुदेव भगवान की अनन्य अनुकंपा के बिना संभव ही नहीं है। हमें प्रतिक्षण कुछ भी करते समय दो बात का स्मरण रखना चाहिए। यदि कोई परिणाम हमारे अनुकूल आ गया तो ठाकुर जी की कृपा और यदि प्रतिकूल आ गया तो ठाकुर जी की इच्छा है। भक्त के जीवन के केंद्र में ठाकुर जी ही होने चाहिए। भक्त को कभी हठ नहीं करना चाहिए सदैव समर्पित रहना चाहिए। अक्षय तृतीया के अवसर पर अनेक बटुक ब्रह्मचारियों का व्रतबंध हुआ। शहनाज अख्तर के भजनों में श्रद्धालु जन सम्मिलित होकर भजनों का आनंद प्राप्त किया उसी कड़ी में शहनाज अख्तर ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं मानसपीठ खजुरीताल में जगतगुरु स्वामी रामललाचार्य जी महाराज की पावन सानिध्य में अपने भजनों को श्रवण कराने आई हूं।

## 16 वर्षीय बालिका का हो रहा था बाल विवाह

### प्रशासन की टीम ने रूकवाया विवाह



**शिवपुरी, ईएमएस।** शिवपुरी जिले के करैरा तहसील के सिलारपुर गांव में 16 वर्षीय बालिका के बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी रवि रमन पाराशर, पर्यवेक्षक गीता जाटव, थाना करैरा से सब इंस्पेक्टर अंजली सिंह, प्रआ राघवेंद्र सिंह चौहान, काजल शर्मा एवं नरेंद्र राजपूत मौके पर पहुंचे। स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अकालवती जाटव उपस्थिति रहीं।टीम ने पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया।

बालिका के आयु प्रमाण पत्रों को देखने के बाद जब यह स्पस्ट हुआ कि बालिका की आयु 18 वर्ष से कम है,तब परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणाम और बाल विवाह निषेध कानून के प्रावधानों की जानकारी दी गई। काफी समझाने के बाद परिजनों ने बालिका की उम्र पूरी होने के बाद ही विवाह करने का लिखित आस्वासन दिया है। मौके पर पंचनामा भी बनाया गया। परियोजना अधिकारी रविरमन पराशर ने बताया कि 18 वर्ष से पहले लड़की का तथा 21 वर्ष की आयु से पहले लड़के का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। बाल विवाह में वर बधू के परिजनों के अलावा उसमे सहयोग करने वाले, सेवा प्रदाता, उसमें शामिल होने वाले लोगों को भी दोषी माना गया है। कानून में 2 साल की सजा तथा एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग देवेंद्र सुंदरियाल ने आमजन से अपील की है यदि आपको किसी बाल विवाह की जानकारी हो तो उसकी सूचना चाइल्ड लाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 या कंट्रोल रूम नंबर 07492356963 पर सूचना देकर बच्चों के विकास में सहभागी बन सकते है।

## बग्घी में सवार होकर निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा



**मैहर।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर श्रीराम जानकी मंदिर बड़ा अखाड़ा में विप्र समाज द्वारा भगवान परशुराम की पूजा अर्चना वेद मंत्रो के द्वारा की गई। सायंकाल बड़ा अखाड़ा से ही विशाल शोभा एवं कलश यात्रा प्रारम्भ की गई। शोभा यात्रा में बग्घी, डीजे, रोड लाइट एवं राधाकृष्ण की नृत्य करती हुई मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। शोभा यात्रा बड़ा अखाड़ा से प्रारंभ होकर किला चौक, रंगलाल चौक, शारदा चित्र मंदिर एवं घंटाघर चौक होते हुए चंडीदेवी मंदिर में संपन्न की गई। मंदिर प्रांगण में समाज सेवियों का सम्मान पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ा अखाड़ा के पूज्य संत सीताबल्लभ शरण जू महाराज, जिला अध्यक्ष देवेंद्र पांडेय, राजललन मिश्रा, विनय त्रिपाठी, मनोज तिवारी, मनोज शुक्ला, शंखधर पयासी, सचिन मिश्रा एवं प्रभाकर मिश्रा सहित काफी संख्या में विप्रजनों की उपस्थिति रही।

## जाति जनगणना का फैसला सामाजिक न्याय के लिए कांग्रेस के संघर्ष की जीत

**सिरोंज, ईएमएस।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय संयुक्त समन्वाहक व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विनोद सेन कहा की हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी वर्षों से बड़ी मुखरता के साथ जातिगत जनगणना की मांग उठा रहे हैं। सबको हिस्सेदारी और सबकी भागीदारी के साथ देश के व्यक्ति-व्यक्ति को न्याय दिलाना हमारी प्रतिबद्धता है। देश के समावेशी विकास के लिए महत्वपूर्ण पदों पर हर वर्ग और जाति का प्रतिनिधित्व अनिवार्य है। कांग्रेस सहित जो विपक्षी पार्टियां इस विषय को मुख्यधारा में लेकर आई है, उनको साधुवाद। आशा है कि केंद्र सरकार इसे न्यायसंगत तरीके से अमल में लाएगी, तथा समावेशी विकास के इसके उद्देश्यों को विफल नहीं करेगी। कांग्रेस द्वारा वर्ष 2011 में कराई गई %सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना के निष्कर्ष को भी आज तक मोदी सरकार ने प्रकाशित नहीं किया है। आशा करते हैं कि भाजपा सामाजिक न्याय विरोधी अपनी वैचारिकी से बाज आएगी।

## जिले में अपराधियों पर नहीं लगाम, बाहर से आकर घटनाओं को अपराधी दे रहे अंजाम

**बुरहानपुर, ईएमएस।** चोरी डकैती नकब्जानी हथियारों का अवैध निर्माण और तस्करी जैसे बड़े अपराधों का केंद्र बंता बुरहानपुर अब यहां अपराधी बाहर से आकर नकली नोट और धोखेबाजी जैसी घटनाओं को अंजाम देने की घटनाएं भी सामने आ रही है जिससे लगता है कि जिले में पुलिसिंग व्यवस्था नाकाम है मंगलवार को जिले के शाहपुर में नकली चिल्ड्रन नोट के माध्यम से लोगों को लालच देकर ठगी करने का मामला सामने आया है जिसमें शाहपुर पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ उनसे चिल्ड्रन नोट के साथ दो पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं पुलिस की ओर से जारी जानकारी में बताया गया है कि दो आरोपी प्रवीण मुकाम राठौर बंजारा 21 वर्ष सागर गोकुल राठौर 27 वर्ष दोनों निवासी काकोड़ा



जिला जलगांव के यहां अपराध की नीयत से यहां पहुंच कर बच्चों के चिल्ड्रन नोट की गाड़ी में 500 के दो असली नोट रखकर ग्रामीणों को अधिक राशि देने का लालच देकर फसाने और उनके साथ ठगी की घटना को अंजाम देकर अपराध से जुड़े थे लेकिन जिले की पुलिससिंग की नाकामी तब सामने आती जब वह घटना को अंजाम देते लेकिन समय रहते शाहपुर पुलिस ने उक्त दो आरोपियों को धर दबोचा जिले में चोरी डकैती हत्या धोखाधड़ी और अवैध हथियारों का निर्माण और तस्करी जैसे बड़े अपराध घटित हो रहे हैं लेकिन इन पर रोक लगाने में पुलिस नाकाम दिखाई दे रही है जिस पर पुलिस विभाग को अपने कार्य प्रणाली की समीक्षा कर ऐसे अपराधों पर रोक लगाने की पहल करना चाहिए।

## सहारा ग्रुप की जांच हो, निवेशकों को मिले न्याय

**शिवपुरी, ईएमएस।** सहारा ग्रुप द्वारा देशभर के करोड़ों निवेशकों के साथ की गई धोखाधड़ी के मामले में अब एक बार फिर से जांच की मांग तेज हो गई है। शिवपुरी निवासी एडवोकेट रमेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर, भारत सरकार के कारपोरेट कार्य मंत्रालय गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय देहली के माध्यम से सहारा समूह की नौ कंपनियों की गंभीर जांच कर, रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने की मांग की है।

एडवोकेट रमेश मिश्रा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि सहारा ग्रुप की नौ कंपनियों की जांच का आदेश पहले ही 2018 व 2020 में भारत सरकार द्वारा दिया जा चुका है, जिनमें सहारा हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सहारा क्यू शॉप यूनिक प्रॉडक्ट्स लिमिटेड, समेत एंबिवेली लिमिटेड,किंग एंबी सिटी देवेलोपर्स कारपोरेशन लिमिटेड, सहारा इंडिया कमर्शियल कारपोरेशन लिमिटेड, सहारा प्राईम सिटी लिमिटेड, सहारा इंडिया फाइनेंसियल कारपोरेशन लिमिटेड, सहारा इंडिया रियल एस्टेट कारपोरेशन लिमिटेड,आदि कंपनियां शामिल हैं।

उन्होंने लिखा है कि इन कंपनियों द्वारा देशभर के करोड़ों निवेशकों से भारी भरकम राशि धोखे से वसूली गई, लेकिन अब तक न तो उनका पैसा लौटाया गया है और न ही कोई ठोस कार्यवाही हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि देश के करोड़ों नागरिकों को न्याय दिलाने हेतु भारत सरकार गंभीर धोखाधडी जांच कार्यालय को शीघ्र जांच पूरी करने हेतु निर्देशित व आदेशित किया जाए।

एडवोकेट रमेश मिश्रा ने आरोप लगाया है कि, सहारा इंडिया द्वारा गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय को सहयोग नही किए जाने से जांच में विलम्ब हो रहा है/भारत सरकार, शीघ्र जांच पूरी कराकर, रिपोर्ट तैयार कराए। सहारा के ठगी पीड़ित गरीब निवेशकों को उनकी अपनी जमा राशि का ब्याज सहित भुगतान दिलाकर, न्याय प्रदान करे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**देवास।** मंगलवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कृषि विभाग को जिले में रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और नकली बीज की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नरवाई को लेकर कार्य योजना बनाने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर बिहारी सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जबकि विकासखंड स्तर के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कलेक्टर ने कृषि विभाग को जिले में रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और नकली बीज की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने नरवाई को लेकर कार्य योजना बनाने को कहा। अगले साल तक हर ग्राम पंचायत में स्ट्रॉ रीपर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को नरवाई के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 1488 खेत तालाब बनाए जाएंगे। इनमें से 188 तालाबों का काम शुरू हो चुका है। साथ ही 18 अमृत सरोवर का निर्माण भी किया जाएगा।

## भगवान परशुराम का किया पूजन, मारे गए निर्दोष हिंदुओं को दी श्रद्धांजलि

**सिरोंज, ईएमएस।** सिरोंज अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के विप्र बंधु रामलला मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए तथा भगवान विष्णु के छठे अवतार जमदग्नि ऋषि और माता रेणुका के पुत्र भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन किया।

पूजन के पश्चात ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ कर हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या की गई है जो कि बहुत ही निंदनीय है हम सभी विप्रजन इसका विरोध करते हैं तथा दुखी मन से इस वर्ष परशुराम जयंती के अवसर पर चल समारोह न निकालने का निर्णय लेते हैं। पूजन आरती के पश्चात सभी ने रामधुन का गायन किया भजन गाए एवं आरती की। इस अवसर पर सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार भगवान परशुराम ने अहंकार और आतंक के पर्याय सहस्त्रबाहू का वध कर उसके आतंक से मुक्ति दिलाई थी उसी प्रकार हमें भी शास्त्र के साथ साथ शस्त्र की भी शिक्षा लेनी चाहिए। देश की सज्जनशक्ति को अब जागना होगा तथा इन आसुरी शक्तियों का प्रतिकार करना होगा। कार्यक्रम में पूर्व ड्ड्ढ मनोज शर्मा ने एकता और संगठन पर बल दिया तो कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संतोष द्विवेदी ने बोला कि हमें अपनी एकता पर बल देना होगा अपने सनातन की शक्ति पर गौरव महसूस करना होगा चूंकि कलियुग में संगठन ही शक्ति का एक मात्र पुंज है तथा हम सबको व्यक्तिगत अहम और आपसी द्वेष भुलाकर हिंदू शक्ति को जगाना चाहिए भगवान परशुराम जयंती की यही सच्ची सार्थकता है।

### पहचान और स्थायी रोजगार की उठाई मांग

# लोकल यूथ सर्वेयरों ने उठाई आवाज 10 माह से नहीं मिला मानदेय

**सिरोंज, ईएमएस।** मध्यप्रदेश में डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत मिशन को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे लोकल यूथ सर्वेयरों ने अब लोकल यूथ महासंघ प्रदेश अध्यक्ष , एवं जिला अध्यक्ष के निर्देशन में अपनी समस्याओं को लेकर आवाज़ बुलंद की है। मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि एवं पंचायत राज मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन में इन युवाओं ने अपनी प्रमुख समस्याओं और मांगों को सामने रखा है। इन युवाओं को राजस्व विभाग द्वारा जुलाई 2024 में भू-अभिलेख पोर्टल के माध्यम से डिजिटल कॉप सर्वे कार्य के लिए नियुक्त किया गया था। इनका आरोप है कि उन्होंने सीमित संसाधनों और विकट परिस्थितियों के बावजूद सरकार द्वारा सौंपे गए कार्य - जैसे फार्मर आईडी, भू-स्वामी चह्वष्ट, सीमांकन व अन्य




सर्वेक्षण - पूरी ईमानदारी से पूरे किए, लेकिन आज तक उन्हें मेहनताना नहीं मिला।

**ज्ञापन में प्रमुख मांगे इस प्रकार हैं**

1 — लोकल यूथ सर्वेयर को डिजिटल क्रॉप सर्वे खरीफ 2024, रवी 2025 एवं फार्मर आईडी कार्य का पारिश्रमिक **भुगतान जल्द प्रदान किया जावे।**

2 — लोकल यूथ सर्वेयर को राजस्व कार्यालय से पहचान पत्र ( ID Card ) उपलब्ध करवाया जावे।

3 — लोकल यूथ सर्वेयर को 8 रुपए प्रति खसरे की जगह मासिक मानदेय प्रदान किया जावे।

4 — लोकल यूथ सर्वेयर को शासन द्वारा दुर्घटना सुरक्षा बीमा प्रदान किया जावे।

5 — लोकल यूथ सर्वेयर को ग्राम रोजगार सहायक की तर्ज पर राजस्व सहायक का दर्जा दिया जावे।

6 — लोकल यूथ सर्वेयर को शासन द्वारा मौसम आधारित सुरक्षा कवच ( रेनकोट, छाता, लोंग शूज, ) **आदि उपलब्ध करवाया जावे।**

7 — राजस्व से संबंधित किसानों के सभी कार्य लोकल यूथ सर्वेयर के माध्यम से ही करवाए जावे।

8 — लोकल यूथ सर्वेयर की नई भर्ती पर तत्काल रोक लगाई जावे एवं लोकल यूथ सर्वेयर को बिना किसी **ठोस कारण के हटाया जावे।**

9 — लोकल यूथ सर्वेयरकी आईडी पर परिमार्जन, सीमांकन, एवं ऋह्रक्र च4ष् के विकल्प जोड़े जावे।

10 — लोकल यूथ सर्वेयर के फार्मर सहायक MP App में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधार आधारित OTP तथा फिंगर प्रिंट प्रमाणीकरण के विकल्प को शामिल किया जावे।

इन सब मुद्दों को लेकर आज मुख्यमंत्री के नाम से मंगलवार को जनसुनवाई में स्ष्ठरू महोदय एवं तहसीलदार महोदय सिरोंज को ज्ञापन सौंपा गया। लोकल यूथ महासंघ के सिरोंज तहसील अध्यक्ष मजहर खान ने बताया कि सर्वेयर साथी बीते कई महीनों से मानसिक, आर्थिक और सामाजिक संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद सरकार की योजना को ज़मीन पर लागू करने के लिए निरंतर कार्यरत हैं।

## नगर को स्वच्छ बनाने की मुहिम में चलाया हस्ताक्षर अभियान

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** श्री समर्पण श्री संस्था द्वारा नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेकर निरंतर कार्य कर रही हैं। जिसके तहत सीएमओ और कलेक्टर को भी ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन दिए जाने के विगत 3 हफ्ते होने के बाद भी नगर की स्वच्छता को लेकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिसको लेकर संस्था चार दिन पहले इंद्रा चौक पर नागरिकों के बीच जाकर स्वच्छता को लेकर चर्चा कर हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से नागरिकों ने संस्था का सहयोग किया। इसी तारतम्य में बुधवार को संस्था द्वारा स्थानीय मीनाक्षी चौक में भी नगर के व्यापारियों एवं नागरिकों के




बीच जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।जिसका समर्थन संपूर्ण जनता जनार्दन ने किया, अगर अब भी स्वच्छता में सुधार नहीं हुआ। जल्द ही श्री समर्पण श्री इसी आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए नगरपालिका के सामने उग्र प्रदर्शन करेगी एवं संस्था का एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही नगरीय प्रशासन मंत्री से मिलकर शहर की समस्याओं को उनके सामने रखेगा।

### नरेन-रसेल के अच्छे प्रदर्शन से केकेआर को जीत मिली

नई दिल्ली (ईएमएस)। सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने अंतिम ओवर में दिल्ली को हराकर प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें बनाये रखी हैं। इस मैच में अंतिम ओवर में दिल्ली कैपिटल्स को जीतने के लिए 25 रन बनाने थे पर वह इसमें सफल नहीं हुई।

### दुष्मंथा हवा में छलांग लगाकर पकड़ा असंभव सा कैच

नई दिल्ली: (ईएमएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच मैच में दिल्ली कैपिटल्स के दुष्मंथा चमीरा ने एक असंभव सा कैच पकड़कर सभी को हैरान कर दिया। केकेआर की पारी के अंतिम ओवर का ये मामला है।

# मुम्बई और राजस्थान का मुकाबला आज, शाम 7.30 बजे से होगा मैच

जयपुर (ईएमएस)।

राजस्थान रॉयल्स की टीम गुरुवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। पिछल मैच में वैभव सूर्यवंशी की रिकार्ड पारी से गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दर्ज करने से टीम के हौंसले बुलंद हैं। वैभव ने गुजरात के खिलाफ शानदार शतक लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। राजस्थान की टीम अब इस मैच में भी वैभव से ऐसी ही पारी की उम्मीद कर रही है।

कप्तान संजू सैमसन के फिट नहीं होने के कारण वैभव ने इस सत्र में पदार्पण करते हुए अब तक कमाल की बल्लेबाजी की है। इस मैच में भी सैमसन का खेलना तय नहीं है। ऐसे में वैभव और यशस्वी जायसवाल के ही पारी शुरु करने की संभावना है। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी कर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच में देखना होगा कि वैभव मुम्बई के खिलाफ मैच में जसप्रीत बुमराह का मुकाबला किस तरह से करते हैं। इस मैच में राजस्थान की ओर से खेल रहे वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर को भी रन बनाने होंगे। हेटमायर अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। राजस्थान की गेंदबाजी इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर पर आधारित रहेगी। वहीं संदीप शर्मा अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं।

वहीं दूसरी और मुम्बई इंडियंस ने इस सत्र में खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी की है। उसने पिछले मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स को हराया था। बुमराह के टीम से जुड़ने के बाद से ही टीम को लाभ हुआ है। उसके बल्लेबाज रोहित शर्मा भी फार्म में आ गये हैं। ऐसे में रॉयल्स के गेंदबाजों की राह आसान नहीं है। उसने अब तक पांच मैच जीत लिए हैं और उसके विजय अभियान को रोकना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। मुम्बई के पास सूर्यकुमार जैसा टी20 का नंबर एक बल्लेबाज है। जिनपर अंकुश लगाना रॉयल्स के गेंदबाजों के लिए बेहद कठिन है। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। अंक तालिका की बात करें तो मुम्बई दूसरे नंबर पर है।




#### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान) , यशस्वी जायसवाल, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल, कुणाल सिंह राठौड़, रियान पराग, युद्धवीर सिंह चरक, नितीश राणा, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, [`ना मफाका, वानिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, फजलहक फारूकी, अशोक शर्मा, जोफ्रा आर्चर।

मुंबई इंडियंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान) सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, , नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, लिज़ाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान।

## नरेन ने बदला मैच का रुख : अनुकूल

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर अनुकूल रॉय ने कहा है कि एक समय दिल्ली कैपिटल्स की टीम अच्छी स्थिति में थी पर अनुभवी स्पिनर सुनील नरेन ने मैच का रुख बदल दिया था। वहीं अनुकूल ने अपनी टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे की चोट को लेकर कहा कि उनके अंगूठे और अंगुली के बीच में चोट लगी है पर उम्मीद है कि वह दो-तीन दिन में ठीक हो जाएंगे। इस मैच में केकेआर से मिले 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम नौ विकेट पर 190 रन ही बना सकी। नरेन ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए।

अनुकूल ने मैच के बाद कहा, 'दिल्ली की टीम काफी सकारात्मक बल्लेबाजी कर रही थी जिससे मुकाबला थोड़ा उनके पक्ष में हो गया। वहीं एक समय ऐसा लग रहा था कि हम मुश्किल में आते जा रहे हैं पर नरेन ने अच्छी गेंदबाजी कर हमें जीत दिला दी। इस मैच में अनुकूल ने 27 रन देकर एक विकेट लिया। पहला मैच खेल रहे इस स्पिनर ने कहा कि वह अवसर का फायदा उठाने के लिए तैयार था। अनुकूल ने कहा, 'मुझे अभ्यास सत्र के दौरान पता चला कि मैं खेल रहा हूं। विकेट बल्लेबाजी के लिए काफी अच्छा था और गेंदबाजों को मदद नहीं मिल रही थी।

# प्रतिका रावल ने रचा नया इतिहास, वनडे क्रिकेट में लगातार पांचवां अर्धशतक जमाया

नई दिल्ली (ईएमएस)।

श्रीलंका में चल रही त्रिकोणीय श्रृखला में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज प्रतिका रावल ने अपने धमाकेदार प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्होंने वनडे क्रिकेट में लगातार पांचवीं बार अर्धशतक लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ वह वनडे क्रिकेट में लगातार पांच बार अर्धशतक जड़ने वाली दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं।

इसके अलावा प्रतिका ने अपने वनडे करियर के महज आठवीं पारी में 500 रन पूरे करके एक और बड़ा रिकॅार्ड अपने नाम कर लिया है। वह सबसे तेज 500 रन बनाने वाली भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं। त्रिकोणीय श्रृखला के दूसरे मैच में प्रतिका ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 91 गेंदों में 78 रनों की पारी खेली जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल था। उन्होंने इस पारी के दौरान हरलीन देओल के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 रनों की अहम साझेदारी भी की। इससे पहले वह स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 83 रन जोड़ चुकी थीं। मंधाना 36 रन बनाकर आउट हो गई। लेकिन प्रतिका ने पारी को आगे



बढ़ाते हुए न केवल अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया बल्कि एक और अर्धशतक जड़कर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा दिया। इस त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में भी उन्होंने 62 गेंदों में नाबाद 50 रन बनाए थे और प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गई थीं।

इससे पहले आयरलैंड के खिलाफ राजकोट में हुई घरेलू सीरीज में भी प्रतिका का बल्ला खूब बोला था। उन्होंने उस सीरीज में क्रमश: 89, 67 और 154 रन की पारियां खेली थीं। 15 जनवरी 2025 को खेले गए मैच में प्रतिका ने 154 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी, जिसने उन्हें अचानक सुर्खियों में ला दिया था। प्रतिका रावल की इस निरंतरता और फॉर्म को देखकर क्रिकेट जानकारों का मानना है कि वह आने वाले समय में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की रीढ़ बन सकती हैं। जब सबकी निगाहें मंधाना, शेफाली, हरमनप्रीत और जेमिमा पर होती हैं, ऐसे में प्रतिका अपनी प्रतिभा से एक अलग पहचान बना रही हैं। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि वह त्रिकोणीय सीरीज में भारत को खिताबी जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

## वैभव की पारी को लेकर शुभमन के बयान पर भड़के अजय जडेजा

नई दिल्ली (ईएमएस)।

पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने गुजरात के कप्तान शुभमन गिल की उस बयान के लिए आलोचना की है। जिसमें शुभमन ने वैभव सूर्यवंशी की धमामेदार पारी को लेकर कहा है कि ये उनका दिन था। वैभव ने गुजरात के खिलाफ मुकाबले में केवल 35 गेंदों में ही शतक लगाकर सभी को हैरान कर दिया था। अपनी टीम की हार से निराश शुभमन ने इस दिन को वैभव के लिए भाग्य शाली करार दिया था।

शुभमन ने कहा, ÷यह वैभव के लिए भाग्यशाली दिन रहा। उनकी पारी जबरदस्त थी और उन्होंने हालातों का पूरा लाभ उठाया।÷ इसपर जडेजा नाराज हो गए। जडेजा ने कहा, ÷टीवी पर कुछ खिलाड़ी वैभव के शतक को केवल एक भाग्यशाली दिन बता रहे हैं जबक एक 14 साल के बच्चे की आत्मविश्वास से खेली पारी जिससे कि विरोधी टीम हार जाये कोई छोटी बात नहीं है। ये कहना किसी भी तरह से सही नहीं। उन्होंने आगे कहा, ÷हम सभी ने 14-15 साल की उम्र में क्रिकेट खेलने का सपना देखा था और ऐसी पारियों की कल्पना की थी पर इस खिलाड़ी ने मैदान में जाकर उस सपने को साकार किया. उसकी ताकत, उसकी टाइमिंग, उसकी संयम देखकर मैं हैरान हूं।


## पहली गेंद पर छक्का लगाना बताया सामान्य बात : वैभव



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** क्रिकेट के मैदान में जब 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी बल्लेबाज़ी करने उतरे, तो किसी ने नहीं सोचा था कि वो इतने कम उम्र में इतिहास रच देंगे। लेकिन उन्होंने सिर्फ 38 गेंदों में 11 छक्कों और सात चौकों की मदद से 101 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर आईपीएल में अब तक का सबसे युवा शतकवीर बनने का कीर्तिमान हासिल कर लिया। यह उनका आईपीएल में महज तीसरा मैच था, जिसमें उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलते हुए ये कारनामा किया। वैभव इससे पहले लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में भी पहली गेंद पर छक्का लगाकर सबका ध्यान खींच चुके थे। वैभव कहते हैं पहली गेंद पर छक्का लगाना उनके लिए नई बात नहीं है। मैं अंडर-19 और घरेलू मैचों में भी ऐसा कर चुका हूं। अगर गेंद मेरी रेंज में होती है तो मैं उसे मारने से नहीं चूकता। मुझ पर कोई दबाव नहीं था। मैंने बस अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया।

बिहार के समस्तीपुर जिले से आने वाले वैभव का जन्म आईपीएल शुरू होने के तीन साल बाद हुआ था। इतनी कम उम्र में उन्होंने जो मुकाम हासिल किया है, उसके पीछे उनके माता-पिता का बहुत बड़ा योगदान है। वैभव ने बताया कि उनकी मां आरती रात को 11 बजे सोने के बाद सुबह तीन बजे उठती हैं ताकि उनके अभ्यास में कोई कमी न रहे। वहीं उनके पिता संजीव ने बेटे के क्रिकेट करियर को सपोर्ट करने के लिए अपनी नौकरी तक छोड़ दी। वैभव ने कहा, मेरे पापा ने सब कुछ छोड़ दिया, मेरा भाई अब काम करता है और किसी तरह घर चलता है। लेकिन मेरे माता-पिता ने कभी हार नहीं मानी। इतनी कम उम्र में मिली कामयाबी के बावजूद वैभव का ध्यान सिर्फ अपने खेल पर है। उनका कहना है कि वह भारत के लिए लंबे समय तक खेलना चाहते हैं और इसके लिए वह लगातार मेहनत करते रहेंगे। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि मुझे बहुत कुछ सीखना और करना है।

## कुलदीप ने रिंकू को मारे थप्पड़



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मैच के बाद एक ऐसी घटना हुई जिससे सभी हैरान रह गये। इस मैच में कैपिटल्स को मिली हार के बाद टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने केकेआर के क्रिकेटर रिंकू सिंह का कई थप्पड़ मार दिये। इस मैच में दिल्ली की टीम 205 रनों का लक्ष्य हासिल करने में असफल रही थी। मैच के बाद कुलदीप ने हंसी मजाक में रिंकू को थप्पड़ मार दिये। रिंकू इससे नाराज दिखे और कुछ बोलते नजर आये। मैच समाप्त होने के बाद सभी खिलाड़ी एक साथ मिलकर बातचीत कर रहे थे तभी ऐसा हुआ। इस दौरान कुलदीप और रिंकू साथ ही में थे और दोनों बातें भी कर रहे थे पर कुलदीप ने अचानक ही रिंकू को थप्पड़ मार दिये।

### फटाफट खबरें

#### महाराष्ट्र सरकार ने जलपोत निर्माण नीति को मंजूरी दी

**मुंबई (ईएमएस)।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य को जलपोत निर्माण, उनकी मरम्मत, पुनर्च  ण के लिए एक प्रमुख केंद्र बनाने के लिए एक नीति मंजूर की है। जलपोत निर्माण, मरम्मत और पुनर्च  ण नीति, 2025 के तहत इस क्षेत्र में सुविधाएं स्थापित करने वाली कॉरपोरेट संस्थाओं को पूंजीगत सब्सिडी, कौशल विकास के लिए वित्तीय सहायता और रियायती दरों पर या दीर्घकालिक पट्टे पर जमीन दी जाएगी।राज्य मंत्रिमंडल ने मुंबई में अपनी बैठक में नीति को मंजूरी दी।

#### महाराष्ट्र दिवस के चलते 1 मई को बंद रहेगा शेयर मार्केट

नई दिल्ली,(ईएमएस)। सप्ताह के चौथे दिन गुरुवार यानी 1 मई को भारतीय शेयर बाजार बंद रहेंगे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) की आधिकारिक छुट्टियों की सूची के मुताबिक गुरुवार को इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स, करेंसी डेरिवेटिव्स और सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग (एसएलबी) सेगमेंट में कोई ट्रेडिंग नहीं की जाएगी। शेयर बाजार 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य पर बंद रहेगा। इस दिन पूरे राज्य में समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम और परेड आयोजित होते हैं, खासकर मुंबई में जो भारत की वित्तीय राजधानी भी है।

### इतनी बढ़ गई अंबानी और अडानी की संपत्ति

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई (ईएमएस)।

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट बिकवाल हावी रहने के साथ ही दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बीच ही वित्तीय शेयरों में गिरावट से आई है। आज कारोबार के दौरान दिग्गज कंपनियों बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस के शेयरों के टूटने से भी बाजार नीचे आया हालांकि मारुति सहित वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से बाजार की गिरावट पर कुछ अंकुश लगा।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 46.14 अंक करीब 0.06 फीसदी नीचे आकर 80,242.24 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों पर अधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी अंत में 1.75 अंक तकरीबन -0.01 फीसदी की




हल्की गिरावट के साथ ही 24,334.20 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान चौथी तिमाही के परिणाम कमजोर रहने से बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर 5.18 फीसदी और 5.44 फीसदी नीचे आये। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार 1 मई को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर बंद रहेगा। वहीं भारत-पाक तनाव को लेकर भी निवेशक सतर्क रुख अपनाये हुए हैं। वहीं गत दिवस बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। ।

इससे पहले आज सुबह बाजार बुधवार को गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स मामूली वृद्धि के साथ 80,370.80 अंक पर खुला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंजका निफ्टी-50 24,342.05 अंक पर खुला। खुलते ही इंडेक्स गिरावट में चला गया। यह 48.65 अंक की गिरावट लेकर 24,287.30 पर कारोबार कर रहा था। वहीं दुनिया भर के बाजार की बात करें तो अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। डाऊ जोंस 0.75 फीसदी की तेजी के साथ 40,527.62 पर बंद हुआ जबकि एसएंडपी 500 0.58 फीसदी बढ़कर 5,560.83 और नैस्डेक कंपोजिट 0.55 फीसदी की बढ़त के साथ 17,461.32 के स्तर पर बंद हुआ।

#### रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया 44 पैसे की बढ़त के साथ ही 84.54 रुपये पर बंद हुआ। सुबह अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.15 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की गिरावट दिखाता है।?? भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी डॉलर की बढ़ती मांग से स्थानीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा है। हालांकि, विदेशी पूंजी प्रवाह और कच्चे तेल की कीमतों ने घरेलू मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन दिया। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.96 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 फीसदी की बढ़त के साथ 99.34 पर रहा।


# सेबी ने अडानी ग्रुप और उसके विदेशी निवेशकों को दिया झटका

## सैटलमेंट के अनुरोध को रखा स्थगित, नियमों की कर रही समीक्षा

नई दिल्ली,(ईएमएस)।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अडानी ग्रुप और उसके विदेशी निवेशकों को झटका दिया है। सेबी ने आंतरिक प्रक्रियाओं की समीक्षा होने तक नियामकीय शुल्कों का सैटलमेंट करने के अनुरोध को स्थगित रखा है। बीते दिनों सेबी ने बताया था कि सैटलमेंट याचिकाओं के नियमों की समीक्षा की जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सैटलमेंट प्रक्रिया में एकरूपता की कमी और लगाए गए दंड की प्रकृति पर अस्पष्ट नियमों की वजह से समीक्षा की जा रही है। एक सूत्र ने कहा कि समीक्षा में तीन महीने का समय लग सकता हैं जिसके बाद अडानी की याचिकाओं पर नई प्रक्रियाओं के तहत विचार किया जाएगा। सूत्र के मुताबिक अडानी ग्रुप की 30 संस्थाओं ने इनमें से कुछ विनियामक शुल्कों का सैटलमेंट



करने के लिए आवेदन किया है।

रिपोर्ट में सूत्र ने बताया कि अडानी ग्रुप की याचिकाएं निपटान के लिए लंबित तीन सौ से ज्यादा आवेदनों में से हैं, लेकिन सबसे प्रमुख की समीक्षा की जा रही है। बता दें सेबी की सैटलमेंट प्रक्रिया के तहत निवेशक और बाजार सहभागी बिना किसी अपराध के स्वीकारोक्ति या इनकार के मौद्रिक जुर्माना भरते हैं या विनियामक निर्देशों से सहमत होते हैं। इससे पहले अडानी ग्रीन एनर्जी ने बताया था कि समूह के संस्थापक चेयरमैन गौतम अडानी और दो अन्य कंपनी अधिकारियों पर अमेरिकी अदालत में अभियोग लगाए जाने के मामले में नियामकीय अनुपालन की एक स्वतंत्र समीक्षा में कोई भी अनियमितता या गैर-अनुपालन नहीं पाया है। पिछले साल नवंबर में अमेरिकी अधिकारियों ने अडानी उनके भतीजे और कार्यकारी निदेशक सागर अडानी और प्रबंध निदेशक विनीत एस जैन पर सौर ऊर्जा अनुबंध पाने के लिए भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने की कथित योजना में शामिल होने का आरोप लगाया था। इसके अलावा इन पर अमेरिकी निवेशकों से धन जुटाने की कोशिश करते समय अपनी योजना को छुपाने का आरोप भी लगा था। अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी पर आरोप है कि सौर ऊर्जा बिक्री अनुबंधों को हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को कथित रूप से 26.5 करोड़ डॉलर की रिश्वत दी गई।

## अक्षय तृतीया पर सोने-चांदी के भाव गिरे

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** अक्षय तृतीया के अवसर पर बुधवार को सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव बुधवार को गिरावट के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के भाव 95,150 रुपये, जबकि चांदी के भाव 96,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट 239 रुपये की गिरावट के साथ 95,353 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 95,592 रुपये था। इस समय यह 428 रुपये की गिरावट के साथ 95,164 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट 749 रुपये की नरमी के साथ 96,113 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 96,862 रुपये था। इस समय यह 832 रुपये की गिरावट के साथ 96,030 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै?श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव के भाव में नरमी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,324.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,333.60 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 15.30 डॉलर की गिरावट के साथ 3,318.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव पिछले सप्ताह 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.89 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 33.27 डॉलर था।

## सस्ते स्टेनलेस स्टील आयात से सुरक्षा देने कदम उठाए सरकार: उद्योग निकाय

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय स्टेनलेस स्टील विकास संघ ने स्थानीय विनिर्माताओं के हितों की रक्षा के लिए सरकार से सुरक्षात्मक शुल्क जैसे कदम उठाने का आग्रह किया है। इस चुनौती से निपटने के लिए उद्योग और सरकार दोनों को मिलकर कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना होगा। भारत में तैयार स्टील के बढ़ते आयात ने स्थानीय उद्योगों को असहाय बना दिया है। उच्च लागत और अनियमितता के कारण स्थानीय उत्पादकों का व्यावसायिक संसाधनों को कष्ट का सामना करना पड़ रहा है। चीन से सस्ता आयात कर मार्ग से भारत में पहुंच रहा स्टेनलेस स्टील ने स्थानीय उद्योगों को कठिनाई में डाल दिया है। एक बाजार अनुसंधान फर्म के मुताबिक स्टेनलेस स्टील आयात की मात्रा में वृद्धि की दिशा में एक चिंताजनक रुख देखने को मिल रहा है।

## राजधानी में बंधक जमीन बेचने पर ईओडब्ल्यू का एक्शन

**भोपाल,ईएमएस।** राजधानी भोपाल में बंधक जमीन बेचने के मामले में दंपति समेत तीन लोगों पर मामला दर्ज किया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने यह कार्रवाई की है। फर्जी पार्टनरशिप डीड से खाता खोलकर फर्म की संपत्तियां बेची थीं। भोपाल नगर निगम में बंधक रखी जमीन को अवैध रूप से बेचने के मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने बड़ी कार्रवाई की है।

# राजनीतिक प्रशासनिक

## मप्र में बेकाबू हुआ डेंगू पिछले साल 10 हजार से ज्यादा लोग संक्रमित

**भोपाल,ईएमएस।** मप्र में डेंगू का कहर बढ़ता जा रहा है। लगातार मरीजों की संख्या रिकॉर्ड तोड़ रही है। प्रदेश में पिछले साल (2024) में करीब 10 हजार 183 लोग डेंगू से संक्रमित हुए हैं। वहीं 6 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आंकड़ों के अनुसार बीते पांच सालों में लगातार डेंगू के केस में बढ़ोत्तरी हो रही है। प्रदेश के कई जिले डेंगू पीड़ित हैं। इनमें राजधानी भोपाल का भी नाम है।

### दोनों राज्यों के बीच बनेगा 17 हजार वर्ग किमी का कॉरिडोर

# चीता प्रोजेक्ट से जुड़ेगा राजस्थान सात जिले होंगे शामिल

**भोपाल,ईएमएस।**



मप्र में चल रहे देश के पहले चीता प्रोजेक्ट में अब राजस्थान भी शामिल होगा। दोनों राज्यों के बीच 17 हजार वर्ग किलोमीटर का चीता कॉरिडोर बनेगा। इसमें चीता खुले में घूम सकेंगे। गत दिवस जयपुर गए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चीता प्रोजेक्ट पर मप्र अच्छे से काम कर रहा है। लेकिन, बहुत जल्द हमारा चीता प्रोजेक्ट राजस्थान के साथ जुड़कर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अभी हमने मप्र में दो चीता अभयारण्य शुरू किए हैं। पहला पालनपुर कूनो और दूसरा गांधी सागर। इस चीता प्रोजेक्ट में राजस्थान के 7 जिले शामिल होंगे।

सीएम मोहन यादव ने कहा कि यह चीता प्रोजेक्ट एशिया में अनूठा है। हमारे लिए यह खुशी की बात है कि चीता हमारे यहां सर्वाइव कर रहा है। यह विश्व के सर्वाधिक सफल होने वाले प्रोजेक्ट्स में से एक है। उन्होंने कहा कि इससे पहले हम नदी जोड़ो अभियान के तहत पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना (पीकेसी-ईआरसीपी) पर काम कर रहे हैं। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। उम्मीद करेंगे कि दोनों राज्य पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी प्रकार के कामों को लेकर आगे बढ़ेंगे।

### कॉरिडोर में राजस्थान का 6500 वर्ग किमी एरिया

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से जारी एक्शन प्लान के अनुसार भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून ने कूनो-गांधीसागर लैंडस्केप का निर्धारण किया है। इसमें मध्यप्रदेश का 10,500 वर्ग किमी क्षेत्र और राजस्थान का 6500 वर्ग किमी क्षेत्र आएगा। कॉरिडोर में चीते कूनो नेशनल पार्क से राजस्थान के मुकंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व से होते हुए गांधी सागर सेंचुरी तक मूव कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि इस कॉरिडोर में उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर का वन्य क्षेत्र में भी शामिल हो सकता है।

### दोनों राज्यों के बीच होगा एमओयू

चीता कॉरिडोर को लेकर दोनों राज्यों के बीच एमओयू साइन होगा। फिलहाल प्रदेश में यह फाइल मुख्यमंत्री स्तर पर पहुंच चुकी है। वहां से मंजूरी मिलने के बाद इस पर आगे बढ़ा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा की मुलाकात हुई थी। माना जा रहा है दोनों के बीच चीता कॉरिडोर को लेकर भी बातचीत हुई है। ऐसे में अब जल्द ही दोनों प्रदेशों के बीच इसे लेकर एमओयू साइन हो सकता है।

## सीएनजी वाहनों को लाइफटाइम व्हीकल टैक्स में मिलेगी छूट

### परिवहन विभाग ने दी अलग-अलग कैटेगरी के वाहनों के लिए 1 प्रतिशत की छूट




**भोपाल, ईएमएस।** राज्य सरकार ने इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति के बाद अब सीएनजी वाहनों को बढ़ावा देने का फैसला किया है। इसके तहत फैक्ट्री फिटेड सीएनजी किट युक्त सभी नए वाहनों को लाइफटाइम व्हीकल टैक्स में छूट दी जाएगी। यह छूट अलग-अलग कैटेगरी के वाहनों के लिए अलग-अलग तय की गई है। परिवहन विभाग ने इसके लिए नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है।

परिवहन विभाग के जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, ऐसे हाइब्रिड ईंधन स्रोत युक्त वाहन, जिनमें सीएनजी के साथ अन्य ईंधन भी शामिल है या जिनमें बाद में सीएनजी किट फिट कराई गई है (रेट्रो फिटमेंट), उन्हें इस छूट का लाभ नहीं मिलेगा। यह छूट केवल उन्हीं वाहनों को दी जाएगी जो फैक्ट्री फिटेड सीएनजी किट के साथ आते हैं और जिनका पंजीकरण सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नीति 2025 के तहत एक वर्ष की अवधि में किया जाएगा। इन वाहनों को लाइफटाइम व्हीकल टैक्स में 1 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

## पीजी में एक साथ दो डिग्री ले सकेंगे छात्र

### विद्यार्थियों के पास कोई भी विषय चुनने की स्वंतत्रता होगी



**भोपाल,ईएमएस।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सत्र 2025-26 से स्नातकोत्तर (पीजी) में विद्यार्थी एक साथ दो डिग्री ले सकेंगे। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। यूजीसी द्वारा पीजी पाठ्यक्रम के लिए जारी करिकुलम और क्रेडिट फ्रेमवर्क के आधार पर यह अधिसूचना जारी की गई है। इसके तहत अब विद्यार्थियों को अपनी पसंदीदा डिग्री चुनने में विषय आदि संबंधी कोई रुकावट नहीं होगी।

उदाहरण के लिए, यदि कोई विद्यार्थी एमए कर रहा है तो उसी विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से एमकाम या एम ए एस सी की डिग्री ले सकता है। अगर दोनों डिग्री की परीक्षाएं एक साथ होंगी तो उसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय या महाविद्यालय की नहीं होगी। अगर विद्यार्थी एक साथ दो डिग्री करेंगे तो उनके समय की बचत होगी। वे एक साथ दो डिग्री एक साल में पूरी कर सकेंगे।

इससे उनके पास आगे करियर में ज्यादा विकल्प उपलब्ध होंगे। विद्यार्थियों को विषय चुनने की स्वंतत्रता होगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मल्टीडिस्पिलनरी (बहुविषयक) को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब यूजी या पीजी के विद्यार्थियों के पास कोई भी विषय चुनने की स्वंतत्रता होगी।

### कई विकल्प भी होंगे

विद्यार्थियों को डिग्री में किसी एक विषय में कुल क्रेडिट का 50 प्रतिशत हासिल करना होगा। बाकी क्रेडिट स्किल कोर्स, इंटर्नशिप और अन्य विषयों से लिए जा सकते हैं। पीजी पाठ्यक्रम के लिए दो या एक साल का समय होगा। इस सुविधा का लाभ उठाकर विद्यार्थी कम समय में डिग्री पूरी करेंगे। पहले या दूसरे सेमेस्टर के परिणाम के आधार पर विकल्प चुन सकते हैं।

### ये तीन विकल्प होंगे कोर्स वर्क

इस विकल्प में विद्यार्थी केवल निर्धारित पाठ्यक्रम (थ्योरी पेपर, प्रैक्टिकल, असाइनमेंट आदि) को पढ़ते हैं और पूरा करते हैं। यह उनके लिए उपयुक्त है जो अकादमिक ज्ञान लेना चाहते हैं, लेकिन शोध के क्षेत्र में नहीं जाना चाहते। कोर्स वर्क व रिसर्च वर्क (डिसटेंशन/प्रोजेक्ट)- इसमें विद्यार्थी पाठ्यक्रम के साथ-साथ एक रिसर्च प्रोजेक्ट, थीसिस या डिजरटेशन भी करते हैं। यह उन विद्यार्थियों के लिए है जो आगे पीएचडी, रिसर्च या अकादमिक क्षेत्र में जाना चाहते हैं।

### सांसद आलोक शर्मा ने अक्षय तृतीया पर आयोजित कार्यक्रम में कहा...

## किसी में ताकत हो तो लव जिहाद करके दिखाए मेरा जन्म दाढ़ी-टोपी से निपटने के लिए हुआ




**भोपाल,ईएमएस।**

राजधानी भोपाल में इन दिनों लव जिहाद का मामला गरमाया हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के नेता लगातार इस मुद्दे पर बोलते नजर आ रहे हैं। भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने अक्षय तृतीया के अवसर पर ब्राह्मण समाज के कार्यक्रम में लव जिहाद पर जमकर बरसे। सांसद शर्मा ने कहा कि किसी मियां में ताकत हो तो अब लव जिहाद करके दिखाए। शर्मा ने कहा कि मेरा जन्म दाढ़ी टोपी से निपटने के लिए ही हुआ है। वहीं उन्होंने कहा लव जिहाद करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा ब्राह्मण समाज देगा। आलोक शर्मा ने हिंदुओं से एक होने का आह्वान किया। सांसद आलोक शर्मा ने अक्षय तृतीया के मौके पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर विधि विधान से पूजा अर्चना की। आलोक शर्मा ने कहा कि पुराने भोपाल में हिंदुओं की आबादी घटती जा रही है। इसके साथ ही सनातनी महिलाओं का गरबा अलग से करने की मांग आलोक शर्मा ने की। सांसद ने बताया कि 5 जून को हिंदू समागम है, जिसमें पंडित धीरेन्द्र शास्त्री शिरकत करेंगे।

आपको बता दे कि राजधानी के गुफा मंदिर में भगवान परशुराम की प्रतिमा के सामने ब्राह्मण समाज का कार्यक्रम हुआ था, जिसमें सभी ब्राह्मण समाज के सभी संगठन शामिल हुए थे।

## कांग्रेस नेत्रियों के पास आए फेक कॉल

एआईसीसी का नाम बताकर पद देने का लालच, अभद्र भाषा में की बातचीत





**भोपाल,ईएमएस।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेताओं और महिला नेत्रियों को अभद्र कॉल्स आए। एआईसीसी का नाम बताकर पद का प्रलोभन दिया गया। इसके साथ ही अभद्र भाषा में बातचीत की गई। तीन से चार महिला नेत्रियों ने इसकी शिकायत पार्टी से की।

जिसके बाद एमपी कांग्रेस ने अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को कांग्रेस नेत्रियों को एआईसीसी के नाम से फेक कॉल आए। जिसमें महिला नेताओं को पद और प्रलोभन दिया गया। साथ ही अभद्र भाषा में बातचीत भी गई है। तीन-चार महिला नेत्रियों ने इसकी शिकायत प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी से की। इसके बाद पार्टी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए अलर्ट जारी किया। एमपी कांग्रेस ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा- महत्वपूर्ण सूचना - हमारी जानकारी में आया है कि कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा एआईसीसी के नाम से 93525 97073 व 91163-59721 इस प्रकार के कुछ नंबरों से मध्यप्रदेश के कांग्रेस नेताओं व महिला कार्यकर्ताओं को अभद्र भाषा में कॉल किए जा रहे हैं।

आग्रह है कि सभी साथी ऐसे नंबरों से कॉल आने पर तुरंत पुलिस में शिकायत करें। प्रदेश कांग्रेस द्वारा भी इस संबंध में पुलिस महानिदेशक को लिखित शिकायत दी जा रही है।

### सामान्य, पिछड़ा और अल्पसंख्यक अधिकारी-कर्मचारी संघ इससे सहमत नहीं

## 9 वर्षों से अटकी पदोन्नति की नई नीति विवादों में घिरी



**भोपाल,ईएमएस।** मप्र सरकार ने राज्य के करीब चार लाख शासकीय अफसरों और कर्मचारियों की 9 वर्षों से अटकी पदोन्नति की मांग को लेकर बड़ी घोषणा की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में एक फार्मूले को अंतिम रूप दे दिया गया है, जो जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू होगा। लेकिन नई पदोन्नति नीति की मंजूरी से पहले ही विवादों से घिरी है, खासकर मप्र में जहां पिछले 9 वर्षों से पदोन्नति पर रोक लगी हुई थी।

सामान्य, पिछड़ा और अल्पसंख्यक अधिकारी-कर्मचारी संघ (सपाक्स) इससे सहमत नहीं है। ऐसे में 9 वर्षों से अटकी पदोन्नति की नई नीति विवादों में घिर गई है। दरअसल, कुछ कर्मचारी और संगठन पदोन्नति में आरक्षण के प्रावधान के खिलाफ हैं, क्योंकि उनका मानना है कि इससे सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों के साथ अन्याय होता है। नई नीति में पदोन्नति में वर्टिकल रिजर्वेशन को आधार बनाने की बात कही जा रही है। जिसका मतलब है कि कर्मचारी जिस वर्ग में नियुक्त हुए हैं, उन्हें उसी वर्ग के पदों पर पदोन्नति दी जाएगी. इससे कुछ कर्मचारी और संगठन विरोध कर रहे हैं, क्योंकि वे मानते हैं कि यह व्यवस्था योग्यता के आधार पर पदोन्नति को प्रभावित कर सकती है। पदोन्नति नियम बनाने में विभिन्न न्यायालयों द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशों का ध्यान रखा जा रहा है।

लेकिन अभी भी कुछ चीजें तय नहीं हुई हैं, जिससे कर्मचारियों में असंतोष है। इसमें कर्मचारियों को पदोन्नति की तारीख से एरियर मिलने का भरोसा नहीं है, जो उनकी चिंता का एक और कारण है। नई नीति के ड्राफ्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है।

### सामान्य वर्ग के कर्मचारी नाराज

दरअसल, प्रदेश में पदोन्नति की प्रक्रिया आरंभ होने से पहले ही विवादों से घरती जा रही है। हाई कोर्ट ने वर्ष 2016 में जिस लोकसेवा पदोन्नति नियम-2002 को निरस्त किया था, लगभग नई नीति उसी को ध्यान में रखकर बनाई जा रही है। हाई कोर्ट ने वर्ष 2002 से 2016 के बीच पदोन्नत होने वाले अनुसूचित जाति-जनजाति के कर्मचारियों को पदावनत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन राज्य सरकार नई नीति में सामान्य वर्ग के साथ अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के कर्मचारियों को पुन: एक और पदोन्नति देने की तैयारी कर रही है।

### एआई आधारित रियल-टाइम फॉरेस्ट अलर्ट सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट शुरू

## घने जंगलों में होने वाले अवैध गतिविधियों की होगी निगरानी

**भोपाल,ईएमएस।** मप्र देश का पहला राज्य बन गया है, जहां एआई( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित रियल-टाइम फॉरेस्ट अलर्ट सिस्टम को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया है। इस सिस्टम की मदद से वन विभाग अब जंगलों में अवैध कब्जा, पेड़ों की कटाई, भूमि के गलत इस्तेमाल वन क्षरण जैसी गतिविधियों की सीधे निगरानी कर पाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह अत्याधुनिक प्रणाली सैटेलाइट इमेज, मोबाइल फीडबैक और मशीन लर्निंग के जरिए काम करती है। जानकारी के अनुसार एआई आधारित रियल-टाइम फॉरेस्ट अलर्ट सिस्टम को राज्य के पांच संवेदनशील वन मंडलों-शिवपुरी, गुना, विदिशा, बुरहानपुर और खंडवा में पायलट रूप में लागू किया गया है। इन क्षेत्रों में हाल के वर्षों में कई बार अतिक्रमण और पेड़ कटाई की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

इस योजना को मुख्य वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव और अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (आईटी) बीएस अन्निगेरी के नेतृत्व और संस्थागत समर्थन से लागू किया गया है। इस नवाचार से अब वन क्षेत्र की रखवाली और संरक्षण पहले से अधिक सक्षम और प्रभावशाली हो सकेगा।

## आजीविका मिशन की राज्य परियोजना प्रबंधक की सेवा समाप्त

### ईओडब्ल्यू में मामला दर्ज होने के बाद सुषमा मिश्रा पर कार्रवाई

**भोपाल,ईएमएस।** मप्र राज्य आजीविका मिशन में फर्जी नियुक्तियों के मामले में पिछले महीने ईओडब्ल्यू में प्रकरण दर्ज होने के बाद मिशन की राज्य परियोजना प्रबंधक डॉ सुषमा मिश्रा (सुषमा रानी शुक्ला) की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। मिशन के संयुक्त संचालक राकेश कुमार शुक्ला ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। राज्य आर्थिक प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने शिकायत के आधार पर ग्रामीण आजीविकश मिशन में 10 साल पहले हुए भर्ती घोटाले में मिशन के तत्कालीन सीईओ ललित मोहन बेलवाल, राज्य परियोजना प्रबंधक सुषमा मिश्रा, विकास मिश्रा समेत अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया था।

### आरोपियों की हो सकती है गिरफ्तारी


फर्जी नियुक्ति मामले में ईओडब्ल्यू में प्रकरण दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है। गिरफ्तारी से बचने के लिए बेलवाल ने न्यायालय में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई, जो खारिज हो चुकी है। इसी के साथ सुषमा मिश्रा की भी मुश्किलें बढ़ेंगी। दरअसल, बेलवाल ने आजीविका मिशन का सीईओ रहते सुषमा मिश्रा को फर्जी नियुक्ति दी, नियम विरुद्ध वेतन बढ़ाया। दो साल पहले आईएएस नेहा मारव्या की जांच रिपोर्ट में इसका खुलासा हो चुका था। लेकिन पिछली सरकार में ताकतवर अफसरों के दबाव में कार्रवाई की फाइल दबी रही।




### योग्य अफसरों की बजाय कंसल्टेंट पर विश्वास

# नवकरणीय ऊर्जा में मध्यप्रदेश कैसे बनेगा मिसाल

**भोपाल,ईएमएस।**



देश में वर्ष 2070 तक कार्बन फुट-प्रिंट को शून्य तक लाने और समाप्त होते जीवाश्म ईंधन के विकल्प तलाशने के लिए वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट (अक्षय) नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में मप्र बड़ा योगदान दे रहा है। राज्य में पिछले 12 वर्षों में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में 14 प्रतिशत अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जिससे अब कुल ऊर्जा उत्पादन में सहभागिता 30 प्रतिशत से अधिक हो गई है। यह सरकार की मंशा और अफसरों की मेहनत का परिणाम है। लेकिन विडंबना यह है कि अब मप्र में नवकरणीय ऊर्जा विभाग के काम को केवल कंसल्टेंट पर निर्भर किया जा रहा है। इसका मतलब है कि विभाग की आंतरिक विशेषज्ञता और कार्यबल की कमी हो सकती है और विभाग के कार्यों को करने के लिए बाहरी परामर्शदाता पर निर्भर रहना पड़ता है। इस स्थिति से विभाग के कामकाज में देरी, लागत में वृद्धि और गुणवत्ता में गिरावट हो सकती है। गौरतलब है कि जीआईएस-भोपाल में मप्र की टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी के कारण नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। वहीं राज्य अपनी भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता के कारण देश के अग्रणी ऊर्जा सरप्लस राज्यों में से एक है। राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्म निर्भरता को प्राथमिकता देते हुए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। मप्र देश का पहला राज्य है, जिसने टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी लागू की है। इस नीति में सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों को अनुकूल और लचीले अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। जिससे ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नया आयाम जुड़ रहा है। लेकिन अब अफसरों की जगह कंसल्टेंट्स को जिम्मेदारी देना चिंता बढ़ा रहा है। नवकरणीय उर्जा मंत्री राकेश शुक्ला का कहना है कि ये मामला मेरे संज्ञान में आया है।

### अधिकारियों को किया जा रहा दरकिनार

मप्र में नवकरणीय ऊर्जा विभाग अब कंसल्टेंट के भरोसे चलेगा। योग्यतम अधिकारियों के होने के बावजूद कंसल्टेंटस को सरकारी अधिकारियों के काम दिए जाने के बाद ये कहा जा रहा है कि इस सबके पीछे कुछ और ही खेल चल रहा है। अधिकारियों को साइड कर जिन कंसल्टेंटस को कुर्सियां सौंपी गई हैं। उनका ट्रैक रिकॉर्ड भी बड़ा अजब-गजब है। कानून के जानकार एक कंसल्टेंट को सोलर पार्क स्टोरेज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट वाले नवकरणीय ऊर्जा विभाग में इन दिनों उल्टी गंगा बह रही है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसियेट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालयः "ईएमएस हाउस" यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेलः expressnews.advt@gmail.com (रजि न. RNI 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।